## पूर्वोत्तर में उत्तर के दर्शन

कभी वामपंथियों का गढ़ रहे त्रिपुरा में भाजपा की जीत चौंकाने वाली है, वहीं नगालैंड में फिर उसके गठबंधन की सरकार लौट रही है। इस राज्य में भाजपा ने पहली बार दहाई का आंकड़ा छुआ है। भाजपा जहां मजबूत रही वहां वह खुद सरकार बना रही है और जहां कमजोर है वहां छोटे दल के रूप में भूमिका स्वीकार कर ली है। मेघालय में वोट प्रतिशत बढ़ने को भाजपा अपनी कामयाबी बता रही है। कह सकते हैं कि पूर्वोत्तर को केंद्रीय एजेंडे में रखना भाजपा के लिये लाभदायक साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर के लगातार दर्जनों दौरों का असर भी चुनाव परिणामों पर नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर को देश की मुख्यधारा में लाने के लिये कहते भी रहे हैं कि नॉर्थ ईस्ट न दिल्ली से दूर है और न ही दिल से दूर। बहरहाल, त्रिपुरा और नगालैंड में बीजेपी की सरकार बनना और मेघालय में सरकार बनाने में भूमिका की कोशिशें इस साल कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिये उर्वरा भूमि तैयार करती हैं। बहरहाल, त्रिपुरा में भाजपा व इंडिजिनस पीपल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी)की सरकार बन रही है। मेघालय में उसकी कोशिश है कि पिछले गठबंधन के साथी रहे एनपीपी के साथ फिर से सरकार बना ली जाये। इस बाबत बातचीत के शुरुआती संकेत यही बताते हैं। वहीं नगालैंड में भाजपा एनडीपीपी के साथ सरकार बना रही है। पहली बार बारह सीटें जीतकर भाजपा ने बताया है कि उसका जनाधार बढ़ रहा है। नगालैंड व मेघालय में भाजपा को सत्ता में छोटा साझीदार बनने में कोई परहेज नहीं है। दरअसल, भाजपा की सारी रणनीतियां 2024 के महासमर के दृष्टिगत केंद्रित हो चली हैं। त्रिपुरा में कामयाबी खुद भाजपा के लिये भी चौंकाने वाली है क्योंकि पहली बार दो विरोधी ध्रुव कांग्रेस व वामदल मिलकर चुनाव लड़े थे। वहीं दूसरी ओर अलग स्टेट की मांग कर रही टिपरा मोर्था से भाजपा गठबंधन का कड़ा मुकाबला था, जिसने कांग्रेस व वाम गठबंधन से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। हालांकि, कड़े मुकाबले में भाजपा गठबंधन की सीटें कम हुई हैं, लेकिन फिर भी बहुमत से अधिक सीटें उसके पास हैं।

*देश के लिये अच्छी बात यह है कि अब तक अलग-थलग पड़ा पूर्वोत्तर देश की मुख्यधारा के करीब आ रहा है। बेशक, कभी वामपंथियों का गढ़ रहे त्रिपुरा में भाजपा की जीत चौंकाने वाली है, वहीं नगालैंड में फिर उसके गठबंधन की सरकार लौट रही है। इस राज्य में भाजपा ने पहली बार दहाई का आंकड़ा छुआ है।*

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### स्वदेशी का अर्थ

*उपस्थास्ते अनमीवा अयक्ष्मा अस्मभ्यं सन्तु पृथिवि प्रसूताः।*
*दीर्घं न आयुः प्रतिबुध्यमाना वयं तुभ्यं बलिहृतः स्याम।।*

अ थर्ववेद 12.2.62

जीवनविज्ञान की दृष्टि से स्वदेश का ही स्थल, स्थान, जल-वायु, खान-पान, वस्त्र-भूषा स्वास्थ्यप्रद तथा नीरोगिताकारक होते हैं। जिस माता के गर्भ से बालक का जन्म होता है उसी माता की गोद, प्रीति, दृष्टि, और उसी माता का दूध उसके लिए मंगलकारी तथा पुष्टिदायक होते हैं। इसी प्रकार, जिस मातृभूमि में, जिस जन्मभूमि में आपका जन्म हुआ है उसी में उपजी ओषधियों का तथा उसी में उत्पादित वस्त्रादि, सकन वस्तुओं का सेवन करना सब दृष्टियों से हितकारी होगा। ऐसा करने से जहां आप सदा स्वस्थ तथा नीरोग रहेंगे वहां आपकी आयु भी दीर्घ होगी। सदा स्वस्थ और आपके राष्ट्र की आर्थिक अवस्थ का भी सुधार होगा। स्वेदेशी वस्तुओं में आपकी आस्था और श्रद्धा बढ़ने से आपमें देशभक्ति और देशप्रेम की भावना का उदय होगा। यदिआप वास्तव में अपनी मातृभूमि के भक्त हैं तो स्वदेशीव्रत का प्राणापरा से पालन कीजिए।

### कर्मानुसार योनि प्राप्त होती है

इस संसार में जितने भी जलचर, थलचर और नभचर प्राणी है वे सभी अपने अपने शुभ और अशुभ तथा मिश्रित कर्मों के अनुरूप ही फल पाते हैं। जिनमें सत्व की प्रधानता होती है वे देवताओं की श्रेणी में, जिनमें रजोगुण का प्राधान्य होगा वे सभी मनुष्य योनि में तथा जिनमें तमोगुण की प्रधानता होती है उन्हें नारकीय योनियां प्राप्त होती है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

डॉ. विनोद दीक्षित

**पत्र मिला**

### दो पाटन के बीच में

पाकिस्तान सरकार के लिए यह समझना टेढ़ी खीर हो गया है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) उसे 6.5 बिलियन डॉलर के मंजूर कर्ज की किस्तें जारी क्यों नहीं कर रहा है। शहबाज शरीफ सरकार ने कहा है उसने भारी सियासी जोखिम उठा कर आईएमएफ की सख्त शर्तों को लागू किया है। इसके बावजूद आईएमएफ का रुख नरम नहीं हुआ है। तो उसने फिर से अमेरिका से गुहार लगाई है। इसके पहले भी अमेरिका से पाकिस्तान के उच्च अधिकारी गुजारिश करते रहे रहें हैं कि वह आईएमएफ में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। यह तो जग-जाहिर है कि आईएमएफ में अंतिम फैसला अमेरिका की मर्जी से होता है। मगर उससे तमाम गुजारिशों के बावजूद हकीकत यह है, जैसाकि पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों ने कहा है कि आईएमएफ बार-बार ÷गोल पोस्ट बदल÷ रहा। तो क्या पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशहाक डार की मंगलवार को अमेरिका के उप वित्त मंत्री वैली अडेयमो के साथ हुई ऑनलाइन बातचीत के बाद उसका रुख कुछ बदलेगा? इस बात के कोई संकेत नहीं हैं। इस बीच पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति हर रोज अधिक बिड़गती जा रही है।पाकिस्तान सरकार के डिफॉल्टर होने की आशंका गंभीर रूप ले चुकी है। उनके मुताबिक पाकिस्तान पर कई तरह के दबाव डाले जा रहे हैं। वैसे अगर इस प्रकरण के भीतर जाकर झांकें, तो पाकिस्तान की मुसीबत का असल कारण उसका मौजूदा भू-राजनीतिक होड़ के बीच क्रॉस-फायरिंग में फंस जाना नजर आएगा। कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण छोटे देशों की बनी मुसीबत के बीच दुनिया की दो बड़ी ताकतें अपनी गोटी खेल रही हैं।

**राजीव अस्थाना,नई दिल्ली**

अमर ख्याल

# राजनीतिक कोताही से बढ़ती हिंसा की काली छाया

**आखिर भारत के सामान्य नागरिक को खतरा है किससे? क्या एक-दूसरे से? तमाम राजनीतिक दलों को एक-दूजे से? क्या विभिन्न धर्मों को एक-दूसरे से है? यह वितंडा नेताओं के एक वर्ग-राजनीतिक, धार्मिक और उनके अग्रणी संगठनों का फैलाया हुआ है। ये वो लोग हैं जिन्हें हर नुक्कड़ पर और विभिन्न मंचों से आती आवाज़ों में खतरा नज़र आता है।**

गुरबचन जगत
लेखक मणिपुर के राज्यपाल रहे हैं।

पुलिस सेवा में मेरा कार्यकाल काफी लंबा रहा, जो 1960 के दशक के मध्य से शुरू होकर मौजूदा शताब्दी की शुरुआत तक रहा। इस दौरान मैंने कानून और व्यवस्था की नाना प्रकार की स्थितियां देखी हैं। सामान्य अपराध, मसलन, चोरी, डकैती और यदा-कदा होने वाली हत्याएं (कुछ जिलों में तो इनकी वार्षिक संख्या इकाई अंक तक सीमित हुआ करती थी, हालांकि मालवा इलाके में मामले अधिक थे)। पंजाब में बलात्कार की वारदातें कभी-कभार ही होती थीं। दरअसल, मामलों में उछाल आतंकवाद की आमद के बाद से ही हुआ, जिनमें अनेक मौकों पर हत्याएं, किसी धार्मिक स्थल पर गोमांस फेंकना तो कहीं सिगरेट फेंक देना, धीरे-धीरे समाज में फूट और दुराव बनता गया। इसके बाद आया दौर राज-शक्ति और आतंकवाद के बीच पूर्ण लड़ाई का, वे दिन थे जब केवल बंदूक ही बोला करती थी। यह मंज़र जूलियस सीज़र नाटक में कही मशहूर उक्ति...'मार-काट करो और कुत्तों की तरह टूट पड़ो' वाला था। आज हालात ऐसे हैं कि खुद नेतृत्व असुरक्षा का हौवा खड़ा कर रहा है। विभिन्न रंग-ढंग के राजनीतिक दलों और संगठनों के नेतृत्व का दावा है कि भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, दलित और समाज के अन्य वर्ग सुरक्षित नहीं हैं। आखिर भारत के सामान्य नागरिक को खतरा है किससे- क्या एक-दूसरे से? तमाम राजनीतिक दलों को एक-दूजे से? क्या विभिन्न धर्मों को एक-दूसरे से है? यह वितंडा नेताओं के एक वर्ग-राजनीतिक, धार्मिक और उनके अग्रणी संगठनों का फैलाया हुआ है। ये वो लोग हैं जिन्हें हर नुक्कड़ पर और विभिन्न मंचों से आती आवाज़ों में खतरा नज़र आता है। सरकार और कानून एवं व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से शह पाकर ये स्वर और तीखे और दबंग होते जा रहे हैं।

आज देश भर में हो रहे अपराध देखकर और इनके बारे में पढ़कर पाता हूं कि विगत की तुलना में इनकी संख्या और अंजाम देने में बरती जाने वाली क्रूरता में कितना बड़ा फर्क आ गया है। बर्बरता और सनक भरी हिंसा आज बलात्कार, हत्याओं, अगवा करके फिरौती मांगने वाले मामलों की पहचान बन गई है। चाहे यह दिल्ली हो, हैदराबाद, मुम्बई, उत्तर प्रदेश हो या बिहार, अमानवीयता की दृश्यावली एक-सी है। आज बोलचाल नफरत की भाषा में तब्दील हो चुकी है और यह चलन खुलेआम और सार्वजनिक है। इसकी सबसे बड़ी शिकार महिलाएं हैं- जिन्हें मारपीट, बलात्कार, जला देना इत्यादि भुगतना पड़ रहा है। फ्रिज और डीप फ्रीज़र का काम मृतका का शव रखने की जगह बन गए हैं। आलम यह है कि मौसम या समय कोई भी हो, किसी भी महिला की यह समझदारी नहीं जो वह सूरज ढलने के बाद अकेले निकलने का दुस्साहस करे। चाहे सांप्रदायिकता हो या सामाजिक व जाति-आधारित भेद, आज समाज की भ्रंश-रेखाएं गहरी होती चली जा रही हैं। लचर गायक गैंग और गैंगस्टरों का महिमामंडन कर रहे हैं, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर इनके प्रशंसकों की अच्छी-खासी तादाद है। इन सबके बीच, सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात है कि मुख्य राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने इस पर चुप्पी साध रखी है। स्थानीय स्तर पर जरूर छिटपुट प्रदर्शन होते हैं लेकिन बड़े पैमाने पर होने वाला और सतत आंदोलन कोई नहीं, जो विभिन्न सरकारों को निर्णायक कार्रवाई करने को मजबूर करे। नतीजतन, अपराधों में संख्यात्मक वृद्धि हो रही है और अपराधी फल-फूल रहे हैं। समूचा आपराधिक न्याय तंत्र मरणासन्न हुआ पड़ा है। पुलिस हो या कार्यपालिका या फिर न्यायपालिका, हर कोई इस अकर्मण्यता वाली नीति का अंग है। हम लोग यानी आम नागरिक भी लगता है इन अमानवीय कृत्यों के प्रति उदासीन हो गए हैं। पीड़ितों के प्रति सहानुभूति गायब है, सिर्फ हित जो बाकी बचा, वह है 'मैं-मेरा-अपना'। बिना प्रश्रय अपराध फल-फूल नहीं सकता, इसके बिना अपराधी, आतंकवादी आंदोलन प्रफुल्लित नहीं हो सकते, न ही भ्रष्टाचार और न ही नौकरशाही और पुलिस में मौजूदा आपराधिक प्रवृत्ति वाले तत्व पल-बढ़ सकेंगे। मदद और प्रश्रय अब दबी-ढकी नहीं रही, बल्कि उघड़ी और प्रत्यक्ष है।



हमारे राजनीतिक नेतृत्व के चाल-चलन का सूक्ष्म उदाहरण देखना हो तो हाल ही में दिल्ली नगर निगम की विभिन्न कमेटियों के सदस्यों के चुनाव के दौरान रहा मंज़र याद करें। सदन में हमारे ये तथाकथित नेतागण अपनी कूवत का पूरा गौरवपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, मर्द नेता दूसरे मर्द को घूंसे मार रहा था तो नेत्री अपने प्रतिद्वंद्वी को बालों से पकड़कर घसीट रही रही थी और इस संग्राम में, जो जिसके हाथ लगा, वह फेंक रहा था। तो यह है हमारे लोकतंत्र की नुमाइश। इसी तरह, पंजाब के अजनाला में पुलिस थाने पर सशस्त्र भीड़ का हमला होना और दबाव में आई सरकार द्वारा गिरफ्तार व्यक्ति को छोड़ने वाला प्रसंग अपनी कहानी आप बयां करता है। इसके बाद मीडिया में खबर आई कि तथाकथित उच्च सुरक्षा जेल में बंद दुश्मन गैंगस्टरों की आपसी लड़ाई में सिद्धू मूसेवाला के कथित कातिलों में दो मारे गए। जाहिर है, यह खूनी मारपीट घंटों चली होगी ‑ इस बीच जेल व्यवस्था और आचार संहिता कहां थी? यह कत्ल और प्रशासनिक अमले की अकर्मण्यता आगे अफवाहों और साजिश-कथाओं को जन्म देंगे। सवाल उठना जायज हैं कि क्या यह घटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से जांच करवाने लायक नहीं? इस सबके बीच आतंकवादियों द्वारा मारे गए कश्मीरी पंडितों की संख्या में और इजाफा हो रहा है, नवीनतम मामला पुलवामा का है। आखिर कब तक कश्मीरी पंडितों के परिवार स्वजनों की मौत का शोक मनाते रहेंगे? हमारे लिए यह भले ही एक संख्या भर हो लेकिन उनके लिए जीते-जागते इंसान की क्षति है।

इस सारी स्थिति की अंतिम जिम्मेवारी राजनीतिक नेतृत्व पर अहद है, जिसने समय रहते समस्याएं नहीं सुलझाईं और उन्हें जटिल और ज्वलनशील बिंदु तक पहुंचने दिया। इस पूर्ण राजनीतिक कोताही के परिणामस्वरूप इस इलाके पर शोक और डर का साया तारी होता गया। हम और आप में, अपनी-परिवार-समुदाय की सलामती को लेकर सहम व्याप्त है। हमारे अंदर भरी जाने वाली डर की इस भावना का एकमात्र मकसद चुनाव में जीत हासिल करके सत्ता-प्राप्ति की पिपासा है। हमारे राजनीतिक दलों के लिए चुनाव जीतना ही सब कुछ और अंतिम ध्येय है। इसकी एवज में नफरत की बोली और रंजिश सामान्य-कर्म हो चला है और सभ्य संवाद अपवाद।

यदि किसी एक मंच से नफरत का प्रचार हो रहा है तो दूसरे से डर का हौवा। ऐसे में शांति और विकास कैसे हो पाएंगे? देश को बड़ा दिशा-सुधार करने की फौरी जरूरत है और इसकी शुरुआत सत्ता-शीर्ष से होकर समाज के निचले स्तर तक करनी होगी। नफरत की बोली को प्यार की भाषा में तब्दील होना होगा, आपसी रार की जगह एकता ले। यदि हमने यह दिशा-सुधार न किया तो हमें स्वयं और बड़े खतरे में पड़ने को तैयार कर लेना चाहिए। जैसा कि यीट्स की उक्ति है '...रक्त-सना ज्वार चढ़ आया, चहुंओर मासूमियत डूब गई, श्रेष्ठता में जहां दृढ़ता नदारद है, वहीं बुराई जुनूनी तीव्रता से लबरेज है।'

### किसने क्या कहा...



"अन्य दलों को भाजपा से सीख लेनी चाहिए कि अपने दिग्गजों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है : अमित शाह

मुंबई में 2022 में साइबर अपराध के मामलों में 70 प्रतिशत वृद्धि : देवेंद्र फड़णवीस




मेघालय की नई सरकार कृषि, पर्यटन, बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करेगी : कोनराड के संगमा





डेटा संरक्षण विधेयक को संसदीय समिति की मंजूरी नहीं मिली, मंत्री का दावा असत्य : कार्ति चिदंबरम"

### कार्टून...




# नगालैंड में नारी सशक्तिकरण की नई इबारत

चर्चित चेहरा
अरुण नैथानी

वैसे भी हम शेष भारत के लोग देश के अभिन्न अंग पूर्वोत्तर को लेकर बहुत कम जानकारी रखते हैं। वहां के लोगों की शिकायत रहती भी है कि शेष भारत के लोग हमें विदेशी की तरह देखते हैं। उनके साथ अच्छे व्यवहार न होने की शिकायत भी अक्सर देश के महानगरों व अन्य शहरों से आती रही है। यहां तक कि एक पूर्व मुख्यमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में रो पड़े थे कि पूर्वोत्तर के लोगों को भारतीय नहीं समझा जाता। लेकिन अच्छी बात यह है कि हाल ही के दिनों में भाजपा ने पूर्वोत्तर राज्यों के मुद्दों को अपने मुख्य एजेंडे में रखा है। भाजपा की केंद्रीय नीति का हिस्सा रहे पूर्वोत्तर राज्यों की प्रगति व संरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। सीमा की दृष्टि से संवेदनशील राज्यों में यह जरूरी भी था। पिछले दिनों यहां के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। लेकिन इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि इन चुनावों की कवरेज व चर्चा दिल्ली के स्थानीय निकाय चुनावों से कम ही हुई। बहरहाल, नगालैंड इस बार एक खास वजह से चर्चा में है। वहां स्थापना के साठ साल बाद पहली बार महिलाओं को विधानसभा में प्रतिनिधित्व मिला है। जहां दीमापुर से हेकानी जखालु विधायक बनी व पश्चिमी अंगामी सीट से ही एनडीपीपी की प्रत्याशी सलहौतुओनुओ को पहली बार विधायक बनने का मौका मिला है। सलहौतुओनुओ एक पूर्व विधायक की विधवा हैं। यह सुनकर हैरत होती है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहे जाने वाले भारत के एक राज्य नगालैंड में छह दशक में आधी दुनिया को शासन व्यवस्था में कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला पाया।

उल्लेखनीय है कि दीमापुर-तृतीय निर्वाचन क्षेत्र में हुए हालिया चुनाव में हेकाली जखालु



एनडीपीपी के उम्मीदवार के तौर पर जीती हैं। जो राज्य में भारतीय जनता पार्टी का सहयोगी दल है। जखालु एक सामाजिक उद्यमी हैं। उनकी तारीफ राज्य में इस बात को लेकर होती रही है कि वे समाज में वंचित व प्रताड़ित महिलाओं के अधिकारों के लिये लड़ती रही हैं। उन्होंने इस चुनाव में अपने निर्वाचन क्षेत्र को आदर्श बनाने तथा अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्रों के विकास को अपनी प्राथमिकता बताया था। दरअसल, वे इस राज्य में चर्चित यूथनेट नामक स्वयंसेवी संगठन का संचालन करती हैं। उनका दावा रहा है कि इस संगठन के जरिये वे डेढ़ दशक से स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के प्रयास में लगी हैं। कहा जा रहा है कि वे राज्य के 1.2 लाख युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाने में कामयाब हुई हैं। फिर भी वे मानती रही हैं कि जब तक आप अधिकार प्राप्त करके सिस्टम का हिस्सा नहीं बनते, तब तक सहजता व सरलता से लक्ष्यों को पाने में बाधा आती ही है। उनका मानना रहा है कि किसी भी जनप्रतिनिधि का मुख्य दायित्व है कि अपने क्षेत्र के लोगों के लिये बेहतर शिक्षा, गुणवत्ता व सस्ती चिकित्सा सुविधा व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये।

इसमें दो राय नहीं कि जखालु ने अपने काम के जरिये ही राज्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। समाज में विशिष्ट योगदान के लिये ही वर्ष 2018 में उन्हें बाल और महिला विकास मंत्रालय ने नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया था। उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार को पाने वाली वह पूर्वोत्तर की पहली महिला हैं। बहरहाल, तोलुवी गांव की जखालु इस बार विधायक बनकर खासी प्रफुल्लित हैं। उन्हें इस बात का गौरव हासिल हुआ है कि वर्ष 1963 में नगालैंड बनने के बाद वह पहली विधायक बन पायी हैं। यह भी उनकी खास खुशी का कारण है कि वह इस साल चुनाव लड़ने वाली चार महिलाओं में दो विजेताओं में शामिल हैं। जखालु ने अपनी प्रतिद्वंद्वी लोक जन शक्ति पार्टी की अजेतो जिमोमी को करीब डेढ़ हजार मतों से हराया है। यूं तो हेकानी जखालु पेशे से वकील हैं लेकिन समाज उत्थान के कार्यों में उनकी गंभीर रुचि है। उन्होंने अपनी प्राथमिक पढ़ाई नगालैंड में रहते हुए ही पूरी की थी। तदुपरांत उच्च शिक्षा के लिये अपना राज्य छोड़ना पड़ा। उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर वुमेन और दिल्ली विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लॉ में अध्ययन करते हुए एलएलबी की डिग्री हासिल की।

### उपदेश

एक बार की बात है कि नरसिंह मेहता किसी अपरिचित नगर के मेले में गए और उनके आने की जानकारी लोगों को हो गई। याचक कुछ अधिक ही आए. नरसिंह के पास धन नहीं था। उन्होने शीघ्र ही उस नगर के साहूकार से ऋण लाकर वहां जरूरतमंदों में बांटने लगे। यह दृश्य देख एक शंकालू व्यक्ति ने नरसिंह मेहता से पूछा, साहुकार तो बिना अमानत या गिरवी रखे कर्ज नहीं देते, आपने क्या गिरवी रखा? नरसिंह मेहता ने जवाब दिया, मूंछ का एक बाल गिरवी रखकर ऋण लाया हूं। वह व्यक्ति भी पहुंच गया साहूकार की पेढ़ी पर। सेठजी मुझे दस हजार का ऋण चाहिए, व्यक्ति बोला। ठीक है, लेकिन अमानत क्या रख रहे हो? साहूकार बोला। व्यक्ति छूटते ही बोला, मूंछ का बाल। साहूकार ने बाल लेकर उसे ठीक से उपट पलट कर कहा, बाल तो बांका है, वक्र है। त्वरित ही व्यक्ति बोला, कोई बात नहीं उसे फेंक दो, और दूसरा बाल तोड़ कर थमा दिया। साहूकार बोला, मैं आपको ऋण नहीं दे सकता। व्यक्ति ने कहा, मुझे क्यों मना कर रहे हो? साहूकार ने कहा, देख भाई! नरसिंह मेहता को भी मैंने पूछा था कि अमानत क्या रखते हो। उन्होंने गिरवी के लिए मूंछ के बाल का आग्रह किया। मैंने उनके मूंछ के बाल की भी परीक्षा इसी तरह की थी। जब मैंने उन्हें कहा कि यह बाल तो बांका है, नरसिंह मेहता ने जवाब दिया कि बांका है तो माका है अर्थात् वक्र है तो मेरा है, आप बस रखिए और ऋण दीजिए। मैंने तत्काल भुगतान कर दिया। ऋण भरपायी के प्रति निश्चिंत होकर मैंने कर्ज दिया। मूंछ का बाल तो सांकेतिक अमानत था, वस्तुतः मैंने भरोसा ही अमानत रखा था।

*नरसिंह मेहता ने जवाब दिया, मूंछ का एक बाल गिरवी रखकर ऋण लाया हूं। वह व्यक्ति भी पहुंच गया साहूकार की पेढ़ी पर। सेठजी मुझे दस हजार का ऋण चाहिए, व्यक्ति बोला। ठीक है, लेकिन अमानत क्या रख रहे हो? साहूकार बोला। व्यक्ति छूटते ही बोला, मूंछ का बाल।*

# हीट वेब से बचाव हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने तैयार क कार्ययोजना

## (जिला आपदा विशेषज्ञ ने बताये गर्म हवा व लू से बचाव के टिप्स)

अमर ख्याल । आशीष गोस्वामी

गोण्डा। जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर सीधे देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मौसम का तापमान विगत वर्ष की अपेक्षा सामान्य तापमान से 3-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है तथा पूवार्नुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी। ऐसे मे यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य आने वाले दिनों में संभावित हीट वेब (लू) से बचाव को लेकर अभी से सतर्क हो जायें तथा लू से बचाव के उपायों को जान सकें एवं अपना व समुदाय का बचाव कर सकें। जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 28 फरवरी को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में हीट वेब (लू) से बचाव एवं उपायों तथा जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम पर प्रभाव आदि के सम्बन्ध विस्तृत चर्चा की गई जिसमें आगामी दिनों में गर्म हवा/लू से बचाव के बारे में तैयारियां करने एवं हीट वेब से होने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रभावी कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में हीट वेब(लू)प्रबंधन के सम्बन्ध में राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, पूर्ति विभाग, नगर निकायों, पशुपालन, पुलिस कृषि सहित अन्य विभागों के माध्यम से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। आपदा विशेषज्ञ ने संभावित गर्म हवा/लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए।

स्थानीय मौसम के पूवार्नुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें।

संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें।

उन्होंने बताया कि लू व गर्म हवा से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस लाइन, रामपुर में की गयी गोष्ठी

अमर ख्याल। राहुल कुमार



रामपुर। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, बरेली पी.सी. मीना द्वारा एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर अशोक कुमार द्वारा आज आगामी त्यौहार होली, शब-ए-बारात, अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन्स सभागार रामपुर में जनपद रामपुर के राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, बरेली जोन, बरेली श्री पी.सी. मीना ने आज रामपुर के कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस लाइन, रामपुर पर बाद सलामी पुलिस लाइन रामपुर स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस जोन, बरेली पी.सी. मीना जी की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार की उपस्थिति में होली एवं शब-ए-बारात की तैयारियों की समीक्षा,03 वर्षिय तुलनात्मक अपराधों की समीक्षा, विशेष अपराध(हत्या,डकैती,लूट एवं गैंगस्टर एक्ट) के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं गिरफ्तार हेतु पुरुस्कार घोषित किये जाने की समीक्षा,स्थानान्तरणधीन लिपिक संवर्ग के पुलिस कर्मियों की कार्यमुक्ति की समीक्षा,निरोधात्मक (गुण्डा,गैंगस्टर,रा0सु0का0 व आबकारी अधि0) कार्यवाही की समीक्षा, बजट समीक्षा,हत्या,डकैती समस्त लूट एंव 05 लाख से अधिक की नकबजनी के अनावरण हेतु शेष अभियोगों की समीक्षा,06 माह से अधिक समय लम्बित जांचो की समीक्षा,गोवध अपराधों में नामजद एवं प्रकाश में आये अभियुक्तों के विरुद्ध की गई निरोधात्मक कायावाही की समीक्षा,धारा 363/366 भादवी के अन्तर्गत 02 सम्प्रदाय से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में अपहृत की बरामदगी को शेष की समीक्षा,सोशल मीडिया सेल में तैनाती की समीक्षा एंव प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया आदित्य उर्फ रवि की गिरफ्तारी की समीक्षा आदि निम्न बिंदुओं पर बैठक आहूत की गई तथा बैठक में सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी गण, समस्त थाना प्रभारी आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बीस लीटर शराब के साथ पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। थाना बिलासपुर पुलिस द्वारा गुरुबार को 01 नफर अभि0 पंकज पुत्र रामदेव नि0 प्रति कालोनी थाना बिलासपुर जनपद रामपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 धारा 60 आबकारी अधि0 को रुद्रपुर काशीपुर हाईवे से सेट्टी कालोनी को जाने वाले रास्ते पर से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता पंकज पुत्र रामदेव नि0 प्रति कालोनी थाना बिलासपुर जनपद रामपुर

# विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 14 मार्च को

अमर ख्याल अशोक कुमार

बहराइच 03 मार्च। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 14 मार्च 2023 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

## अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार

अमर ख्याल । विपिन तिवारी



सीतापुर। जनपद मे पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में थाना बिसंवा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त अकबर अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी मोहल्ला कच्चा कटरा थाना बिसंवा सीतापुर को 01अदद तंमचा मय01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 90/23 धारा 25(1-इ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त अकबर उपरोक्त का चालान मा0 न्याया0 किया गया है। अभियुक्त का नामः- अकबर अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी मोहल्ला कच्चा कटरा थाना बिसंवा सीतापुर। पंजीकृत अभियोगः- मु0अ0सं0 90/23 धारा 25(1-इ) आर्म्स एक्ट थाना बिसंवा सीतापुर। बरामदगीः- 01 अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद। आपराधिक इतिहास अभि0 अली उपरोक्तः-

1.मु0अ0सं0 469/22 धारा 8/21 ठउ्ढर अउळ थाना बिसंवा सीतापुर।

2.मु0अ0सं0 90/23 धारा 25(1-इ) आर्म्स एक्ट थाना बिसंवा सीतापुर। पुलिस टीमः झ

1.उ0नि0 कृष्ण कुमार
2.का0 मोनू बालियान
3.का0 अमित कुमार
4.का0 गौरव सिंह
5.का0 मनेन्दर सिंह
6.का0 नदीम

# छात्रवृत्ति समस्या को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन।

अमर ख्याल । विपिन तिवारी



सीतापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर नगर इकाई के कार्यकताओं द्वारा विकास भवन का घेराव करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी की अनुपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारी विकास भवन को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप कार्यकताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि जिले के सभी ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति वर्ष 2022-23 के आवेदन पत्र लंबित हैं उन सभी छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों पर उचित कार्यवाही हो। साथ ही नगर के आरएमपी महाविद्यालय में स्थित छात्रावास में अवैध रूप से निवास करने वालों को छात्रावास से मुक्त करनें की मांग की। वहीं नगर के टाउन हॉल स्थित पुस्तकालय का सुंदरीकरण कराने व उसके नियमित संचालन होने की एबीवीपी कार्यकताओं ने मांग की। साथ ही यह भी मांग की कि टाउन हॉल स्थिति पुस्तकालय परिसर के अंदर व आसपास अनावश्यक रूप से व अराजक तत्वों का आवागमन बंद किया जाय।

एबीवीपी कार्यकताओं द्वारा मांग की गई सभी मांगो पर प्रशासनिक अधिकारी नें शीघ्र कार्यवाही करनें का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला, जिला संयोजक विजय शंकर पाण्डेय, नगर मंत्री आयुष शुक्ला, नगर सह मंत्री अनुराग मिश्रा, नगर इंटर कॉलेज प्रमुख अलखकांत श्रीवास्तव, महाविद्यालय विस्तारक सोनू मिश्रा, तेजपाल राजवंशी, हर्षित पाण्डेय, शिवा पाण्डेय, विभु मिश्रा , पुनीत कुमार , कृष्णांश शुक्ला, अनुराग मिश्रा , मान्या मिश्र, आकांक्षा दीक्षित, मो0 शाहवान ,अभिषेक कश्यप , मो0 कैफ, नफीस अहमद, फरीद अहमद , अभिज्ञान अवस्थी , विभव रस्तोगी , पुष्कर राठौर , पुनीत श्रीवास्तव , वैभव शुक्ला , सुशील कुमार, प्रशांत रस्तोगी,आदि मौजूद रहे।

# लहरपुर के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को तहसील प्रांगण में एक भव्य शपथ समारोह का आयोजन

अमर ख्याल । विपिन तिवारी



लहरपुर (सीतापुर )बार एसोसिएशन लहरपुर के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को तहसील प्रांगण में आज गुरुवार को एक भव्य समारोह में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद सीतापुर मनोज कुमार ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अजय शुक्ला सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश एवं अतिथि प्रमोद कुमार मुख्य दंडाधिकारी सीतापुर, नावेद अख्तर न्याय अधिकारी ग्राम न्यायालय लहरपुर, शशि बिंदु दिवेदी तहसीलदार लहरपुर एवं चंद्रभान गुप्त अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन सीतापुर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ एडवोकेट सुमन देवी ने मां सरस्वती वंदना किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट अपूर्व त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र पांडे को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई एवं मुख्य दंडाधिकारी सीतापुर प्रमोद कुमार ने नवनिर्वाचित महामंत्री श्रवण कुमार जयसवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, शेष सभी पदाधिकारियों को अजय शुक्ला सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने जिसमें उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार जयसवाल, सरोज कुमार अवस्थी, जेड आर रहमानी, प्रशांत कुमार मिश्रा एवं योगेश कुमार , संयुक्त मंत्री महेंद्र कुमार द्विवेदी, दुर्गेश गिरी, अतुल कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष अपूर्व कुमार त्रिवेदी एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर बार एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा आए हुए अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र पांडे ने बताया कि उनकी प्राथमिकता अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष करना होगी।

# मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त को 20 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा

**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**सीतापुर**। जनपद मे पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान द्वारा न्यायालय में प्रचलित वादो में समस्त थाना प्रभारियों को सतत पैरवी हेतु निर्देशित किया गया है। इस क्रम में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला संबंधी अपराधों में सतत पैरवी के फलस्वरूप आज दिनांक 03.03.2023 को माननीय न्यायालय में प्रचलित वाद में माननीय न्यायालय द्वारा विचारण पूर्ण कर थाना सिधौली से सम्बन्धित मु0अ0सं0 277/20 धारा 04 पास्को अधिनियम व 506 भादवि बनाम अनिल वर्मा पुत्र रुस्तम निवासी ग्राम जल्लाबाद थाना सिधौली जनपद सीतापुर में पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत सम्मन को तामील कराकर गवाहों को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आज दिनांक 03.03.2023 को विचारण पूर्ण कर मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पी0ओ0सी0एस0ओ0 एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-14, सीतापुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त अनिल उपरोक्त को 20 वर्ष सश्रम कारावास व 55,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

# तहसील परिसर में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग



**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**सीतापुर** जनपद के तहसील लहरपुर के अंदर जनरेटर चल रहा था अचानक लाइट आने के कारण सर सर के शार्ट सर्किट हो गया जिससे आग लग गई तहसील परिसर में हड़कंप मच गया अफरा तफरी मच गई मौके पर विद्युत कर्मचारी व फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची जब से आग पर काबू पाया जा सका मौके पर नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील परिसर में जो फायर ब्रिगेड के सिलेंडर लगे हैं वह केवल सोपिस ही दिखाई दे रहे हैं जब प्रशासनिक भवन में यह स्थिति है तो फायर ब्रिगेड की जांच कौन करेगा अगर मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम न पहुंचते तो एक बड़ा हादसा हो सकता था प्रशासनिक अधिकारी भवन में लगे सिलेंडरों रिफिल करवाती है या नहीं

# बेटे से परेशान पिता ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

अमर ख्याल राजेश कुमार

मथुरा। नशे का आदी हो चुके पुत्र से परेशान पिता ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव बिहार वन, डोकरी का नगला, जखनगांव निवासी तेज सिंह पुत्र परमाल सिंह का पुत्र आकाश जो प्रतिबंधित नशीली वस्तुओं का आदी हो चुका है। अपनी नशेबाजी के लिए आकाश बुरी संगत के चलते असामाजिक किस्म के गुंडे-मवालियों के साथ रहकर चोरी, डकैती जैसे गैर-कानूनी कार्यों में लिप्त रहने लगा है। साथ ही दिन रात नशा कर अपना मानसिक संतुलन खो चुका है। उसका इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। पीड़ित के पिता ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर अपने पुत्र और उसका सहयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित के पिता का आरोप है कि बेटा आकाश नशे में रहने के कारण असामाजिक तत्वों के साथ हर समय लूट, चोरी व डकैती जैसे अपराधों में संलिप्त रहता है। पीड़ित पिता का यह भी कहना है कि समय रहते पुलिस और प्रशासन ने उनकी मदद नहीं की तो उनका पुत्र अपने सहयोगियों से मिलकर कोई भी घटना को अंजाम दे सकता है। इस संबंध में अमित यादव, चौकी प्रभारी अड़ींग ने बताया कि ऐसा कोई भी मामला संज्ञान में नहीं है और न ही कोई शिकायत प्राप्त हुई है। पीड़ित परिजनों को नशे से बेटे को बचाने हेतु नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराना चाहिए। वहीं, क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में चरस व गांजे को लेकर कार्यवाही की जाती रही है लेकिन स्मैक बिक्री की कोई सूचना नहीं है।

# दसवीं की छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल, छह माह तक किया दुष्कर्म

अमर ख्याल । अशोक सागर

गोंडा । जिले की उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी की मां ने थाने में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दसवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म कर आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 6 माह तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। वहीं आरोपी बालअपचारी ने धनकाकर दुष्कर्म का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद छात्रा के घर वालों को जानकारी हुई। पीड़ित छात्रा की मां ने आरोपी बालअपचारी समेत दो लोगों के खिलाफ थाना उमरी बेगमगंज में दुष्कर्म, धमकी, पॉक्सो वआईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया है।

**28 फरवरी को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**

वहीं पुलिस ने बताया कि उमरी बेगमगंज क्षेत्र की रहने वाली 16 वषीर्या किशोरी की मां ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी बेटी क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में दसवी की छात्रा है। छह माह पहले गांव के ही एक बालअपचारी ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटों खींचकर वीडियो भी बना लिया। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसकी बेटी संग छह माह से दुष्कर्म करता रहा। लोकलाज के डर से उसकी बेटी दुष्कर्म के बारे में किसी को बता भी न सकी। वहीं आरोपी ने अश्लील वीडियो मुंबई में रह रहे अपने एक साथी को व्हाट्सएप के जरिए भेज दिया। आरोपी बालअपचारी और उसके साथी ने अश्लील फोटो व वीडियो 28 फरवरी को सोशल मीडिया पर वारल कर दिया व्हाट्सएप स्टेटस पर पर लगाया अश्लील वीडियो वीडियो वायरल होने पर छात्रा के परिजनों को इसका पता चला। वहीं थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि छात्रा की मां तहरीर पर दुष्कर्म, धमकी, पॉक्सो व आईटी एक्ट के तहत बालअपचारी व उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी बालअपचारी को संरक्षण में लेने के लिए पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मामले की विवेचना थाना तरबगंज के निरिक्षक अपराध अशोक सिंह को सौंपी गई है। छात्रा के साथ दुष्कर्म का अश्लील फोटो और वीडियो बनाने वाले बालअपचारी और उसके साथी ने इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। यहीं ने दोनों ने व्हाट्सएप स्टेटस पर अश्लील वीडियो लगा दिया। अब पुलिस वायरल वीडियो की पूरी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। दसवीं की छात्रा को धमकाकर उसके संग छह माह तक दुष्कर्म करने के आरोपी बालअपचारी के साथी की तलाश में पुलिस टीम मुंबई जाएगी। वह मुंबई के किस इलाके में रहता है। वहां क्या करता है, इसकी जानकारी जुटाने में पुलिस लगी है।

# वन विभाग संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**सीतापुर**। बीते शुक्रवार को वन विभाग ने बैठक कर लोगों को किया जागरूक। वन्य जीवों के संरक्षण सम्बन्धी विस्तार पूर्वक की गई चर्चा। जनपद के इलसिया में स्थित बाल वन उद्यान में विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर उप वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक रंजन पाण्डेय की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वन दरोगा अमित प्रताप सिंह ने बताया कि बदलते वातावरण व बढ़ती जनसंख्या के कारण हरे भरे जंगलों को उजाड़ दिया गया है जिससे बहुत सारे वन्य जीव विलुप्त हो गए हैं। विलुप्त होने वाले वन्य जीव बाघ, चीता, सारस, हिरन आदि शामिल हैं। इनके संरक्षण की जिम्मेदारी वन विभाग व देश के समस्त नागरिकों की है। इस अवसर पर सीतापुर वन रेंज विभाग के हरिकेश शुक्ला, सुनील रॉय के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकारी चिकित्सक द्वारा लिखे जाने पर निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर ले सकेगी लाभ

**अमर ख्याल । राजेश कुमार**

**मथुरा**। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर माह में दो बार ई-रूपी वाउचर से अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। शासन की नई व्यवस्था के तहत गर्भवती डॉक्टर द्वारा लिखे जाने पर चयनित निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर यह सुविधा ले सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र की गर्भवती के लिए, जिला महिला चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड का प्रावधान है। यहां पर माह में दो बार प्रधानमंत्री सुरक्ष?त मातृत्व दिवस भी मनाया जाता है। लेकिन ग्रामीण स्तर पर हर जगह अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है ऐसे में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रमुख सचिव ने पत्र भेजकर जिले में निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवसों पर सीएचसी के जरिये गर्भवती को अल्ट्रासाउंड सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। नोडल आरसीएच डॉ. मुनीष सिंह पौरुष ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस के दौरान जब सरकारी चिकित्सक लिखित रूप से गर्भवती को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहेगा, उस दशा में वह यह सुविधा ले सकती हैं गर्भवती का रजिस्ट्रेशन होने के बाद शासन से सीधे सेंटर के खाते में प्रत्येक अल्ट्रासाउंड पर 255 रुपये दिए जाते हैं। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता मुकेश गौतम ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवती का अल्ट्रासाउंड सहित, यूरिन, हीमोग्लोविन, शुगर, सिफलिस , वजन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप और एचआईवी की जांच की जाती है। इसके अलावा केंद्र पर आने वाले दंपति को बास्केट ऑफ च्वॉइस की सहायता से परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता हैं। वर्तमान में जनपद में अट्ठावन हजार से अधिक गर्भवती रजिस्टर हैं ।

# प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर/बौडी फतेउल्लापुर चहक कार्यक्रम में उपस्थित सन्दर्भदाता अनूप कुमार मिश्र

## अब चहक चहक कर,हँसते, खेलते,मुस्कुराते हुए शिक्षा ग्रहण करेंगे परिषदीय बच्चे।

अमर ख्याल । अशोक कुमार



रामगांव/बहराइच। उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुसार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच के निर्देश व खण्ड शिक्षा अधिकारी तजवापुर अखिलेश कुमार वर्मा के आदेशानुसार न्याय पंचायत नेवादा के प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर/बौंडी फतेउल्लापुर में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक चहक कार्यक्रम सन्दर्भदाता अनूप कुमार मिश्र की देखरेख में सम्पन्न हुआ।बच्चों ने चहक की किट व मन भावन सावन की तर्ज पर मनमोहक खिलौने पाकर बच्चों का मन मोह लिया।बच्चों की मुस्कुराहट देखने लायक बन रही थी,बच्चे खिलौनों की तरफ से मुँह भी नही मोड़ रहे थे।चहक कार्यक्रम को देखकर सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अब छोटे छोटे बच्चे प्रतिदिन स्कूल अवश्य आएंगे।प्रतिभावान बच्चों को शिक्षकों के द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया।परिषदीय स्कूलों में अभिभावक भी उपस्थित रहें। इस चहक कार्यक्रम में कंचन गुप्ता,सुरेश यादव,ममता,सरिता गुप्ता,रेनू मौर्या, ऋतु तिवारी,नीलम सिंह,राधेश्याम, शाहीन परवीन,अनिल वर्मा,भूपेंद्र कुमार सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहें।

# जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा 01 वर्ष में निस्तारित किये गये 306 वाद

अमर ख्याल अशोक कुमार

बहराइच। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच के सदस्य ने बताया कि जनवरी 2022 से 28 फरवरी 2023 की अवधि में आयोग द्वारा कुल 306 मुकदमों का निस्तारण किया गया है। माह फरवरी 2023 में प्रतितोष आयोग द्वारा 40 वादों का निस्तारण किया है। वर्तमान समय में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में प्रचलित वादों की कुल संख्या 875 है। सदस्य ने बताया कि माह फरवरी में निस्तारित किये गये 40 मुकदमों में सर्वाधिक पुराने 20 ऐसे वादों का भी निस्तारण किया गया जिसमें दोनों पक्षों अनुपस्थित थे। इसके बावजूद भी परिवाद का गुण-दोष के आधार पर निस्तारण कर निराश वादकारियों को लाभान्वित किया गया है। क्योंकि उनके न आने पर भी मुकदमा गुण-दोष के आधार पर उनके पक्ष में निर्णित हुआ। सदस्य ने यह भी बताया कि आयोग में प्रचलित ऐसे वाद जिनमें उभय पक्ष अनुपस्थित चल रहे हैं, उनको पंजीकृत डाक के माध्यम से सूचना भेजी जा रही है। निस्तारित वादों में 1996 एवं 1999 वर्ष के प्राचीनतम वादों का निस्तारण किया गया है। अवशेष पुराने वादों को चिन्हित कर उनमें एक-एक सप्ताह की तारीख लगाई जा रही है। सदस्य ने बताया कि वादों के निस्तारण में वादकारियों एवं अधिवक्ताओं का अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय में लगा पचास वर्ष पुराना सेमल के पेड़ को प्रधान व विद्यालय के प्रधानाचार्य कि मिलीभगत से किया गया बिक्री

## सरकारी प्राथमिक विद्यालय कि सम्पति को दबंगो द्वारा करवाया गया धराशाही

अमर ख्याल । अंकित मिश्रा

सीतापुर। रेउसा/ क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंद्रसेनी में प्राथमिक विद्यालय कि सम्पति को ग्राम प्रधान आराधना सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा सेमल के पेड़ को किया गया बिक्री और सरकारी सेमल के पेड़ को रात के अंधेरे में धराशाही कर दिया गया`सरकारी विद्यालय के कार्य के नाम पर सरकारी संपत्ति को दबंगो ने ठेकेदार बाबू , कमलेश ,दिवाकर सिंह को बेच दिया जबकि के विद्यालय के कार्य के लिए सरकार स्वयं पैसे उपलब्ध कराती हैं यह सेमल का पेड़ लगभग 50, वर्ष पुराना हैं। जिसको 40, हजार रुपयों में बेच दिया गया पिछले विगत दिनों सरकार प्राथमिक विद्यालय चंद्रसेनी में मरम्मत कार्य के लिए 75000रु भेजा था जिसमें सिर्फ पुताई व पेंटिग का कार्य कराया गया हैं प्राथमिक विद्यालय के मरम्मत कार्य के नाम लाखो रुपयों का घोटाला सामने आया है पेड़ काटने के बाद सरकारी प्राथमिक विद्यालय कि बाउंड्री को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया जब इस संबंध में वन रेंज विसवां अहमद कमाल सिद्धकी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह हमारे अंडर में नहीं है या छूट की लकड़ी है फिर इसके बाद खंडशिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला हमारी जानकारी में नहीं है अब जानकारी प्राप्त हुई है मौके की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी और फिर इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल राम लखन यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरी जानकारी में नहीं है मौके पर पहुंचकर जांच करके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी अब देखना यह कि योगी सरकार में रातों रातों सरकारी सम्पति को धराशाही कर दिया गया यहाँ पर बड़ा सवाल खड़ा होता हैं कि योगी सरकारी के जिम्मेदार अधिकारियों को भनक तक नही लगी अब इससे साफ जाहिर होता हैं कि कहीं न कहीं तो योगी सरकार के जिम्मेदार अधिकारी भी इस सरकारी संपत्ति को हानि पहुंचाने में संलिप्त हैं आखिर इन दबंगो पर कैसे होगी कार्यवाही। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी बिसवां पी एल मौर्य ने बताया जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# खाकी व आबकारी विभाग आखिरकार किस मंशानुरूप मादक पदार्थ तस्करों पर मेहरबानी से बरसा रहे फूल

## खुलेआम बिक्री हो रहे गांजे के मामले में नहीं हुई कोई कार्यवाही

अमर ख्याल । आशीष गोस्वामी




कटरा बाजार /गोण्डा। स्थानीय थाने के अन्तर्गत थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित सरकारी भांग की दुकान पर खुलेआम बिक्री किये जा रहे गांजे के मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।जिससे मामले में पुलिस की संलिप्तता और नशे के अवैध कारोबार को खुला संरक्षण दिया जाना प्रतीत हो रहा है।मालूम हो कि बीते दिनों थाना कटरा बाजार से कुछ दूरी पर स्थित सरकारी भांग की एक दुकान से बगैर लाईसेंस के 60 रुपए के पैकेट में गांजा (चिप्पड़) की अवैध बिक्री का वीडियो वायरल हुआ था। जिसकी शिकायत सोशल मीडिया ट्वीटर पर पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से की गई थी। जिस पर गोंडा पुलिस द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन उसके क ई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक मामले में कोई कार्यवाही नही हुई है और पुलिस लीपापोती करके मामले को हजम करने में जुटी है। जिससे पुलिसिया कार्यशैली गंभीर सवालिया घेरे मे है और क्षेत्र में पुलिस की नाक के तले अवैध नशे का कारोबार तेजी से जमकर धड़ल्ले से फल फूल रहा है। जिसपर आला अधिकारियों के आदेश निर्देश का भी कोई असर नही दिख रहा है। स्थानीय खाकी व आबकारी विभाग और अवैध मादक पदार्थ तस्करों ने शासनादेश व पुलिस अधीक्षक के आदेश को ताक पर रखकर आदेश निर्देश को माइने ना समझ कर अवैध मादक पदार्थों का तस्करी कर तस्करों ने नियमों की जमकर व्यापक स्तर से धज्जियां उड़ाते हुए मंसूबों पर लगा रहे पलीता, उपरोक्त मामले में खाकी व आबकारी विभाग ने तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही ना कर बल्कि उपरोक्त मामले में लीपापोती कर ठंडे बस्ते में डाल कर खाकी एवं आबकारी विभाग ने हाथों पर हाथ रखकर लिए कुंभकर्णी नींद जिससे अवैध मादक पदार्थ का कारोबार कुटीर धंधा अंधाधुंध व्यापक स्तर पर हुआ व्याप्त।

**मेडिकल स्टोर और डॉक्टरों कि सांठगांठ से जमकर कमीशन खोरी का खेल खेला जाता है मरीज जब मेडिकल स्टोर पर पर्चा लेकर पहुंचता है तो वहां पहले से ही डॉक्टर का कमीशन सेट होता है कैसे करते हैं बाहर दवा खरीदने पर मजबूर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा ना होने का बहाना बनाकर प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदने के लिए किया जाता है इस विषय में जब दूरभाष पर सीएमओ डॉ वीरेंद्र सिंह से बात की गई उन्होंने बताया की दवाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है बाहर से लिखने का कोई मतलब नहीं है ठीक है मामला जानकारी में आया है दिखवाते है**

# पत्नी को जान से मार डालने वाला पति गिरफ्तार

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच। पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच प्रशान्त कुमार वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम व वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री पवित्र मोहन त्रिपाठी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री राहुल पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा श्रीधर पाठक के कुशल नेतृत्व थाना स्थानीय पर दिनांक 02.03.2023 को पंजीकृत मु0अ0सं0 52/2023 धारा 304 भादवि के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त विनोद कुमार शाहू पुत्र दुखीराम शाहू निवासी निधिनगर संकल्पा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को मुखविर की सूचना पर आज दिनांक 03.03.2023 को समय 06.30 बजे जैतापुर मोड के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त से घटना के बारे मे पूछताछ करने पर बता रहा है कि मै व मेरी पत्नी प्रमिला देवी घर से साथ मे आयार्वृत बैंक रूपईडीहा के लिए चले थे रास्ते मे जैतापुर गाँव के पास आपस में कहा सुनी हम दोनो के बीच होने लगी और आगे आम के बाग में हम दोनो गये वहाँ भी कहा सुनी व झगड़ा होने लगा मैने आम की टहनी का एक डण्डा तोड़ा और उसी से अपने पत्नी प्रमिला देवी को मारने लगा उसके सिर व चेहरे पर चोट लगने से वह बेहोश ह गयी मै वहा से चला गया बाद मेरी पत्नी की मृत्यु हो गयी । अभि0 उपरोक्त को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निदेशो का पालन करते हुए माननीय न्यायालय सदर रवाना किया गया ।

# सुप्रसिद्ध आश्रम लल्लापुर के मंदिरों में पड़े ताले

## आश्रम के अधिकारी की गैर हाजिरी में महंत ने मंदिरों में डाले ताले

अमर ख्याल । अंकित मिश्रा



सीतापुर। यह पूरा मामला जनपद सीतापुर के थाना क्षेत्र सकरन के सुप्रसिद्ध लल्लापुर आश्रम का है। जहां पर विगत दिनों दामाखेड़ा मेला जा रहे। सुप्रसिद्ध लल्लापुर आश्रम के अधिकारी छोटे दास पुत्र छेदूदास, ने सुप्रसिद्ध आश्रम लल्लापुर की बागडोर आश्रम के ही महंत गुरुप्रसाद पुत्र छेदूदास, को देकर दामाखेड़ा मेला को चले गए। वहीं मेले से वापसी कर आश्रम पहुंचे अधिकारी छोटे दास पुत्र छेदूदास तो देखा। कि आश्रम के सभी मंदिरों में ताले पड़े हुए हैं। तो आश्रम अधिकारी यह देख दंग रह गए। फिर उन्होंने आश्रम के महंत गुरु प्रसाद को बुलाकर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया। इस आश्रम का असली वारिस मैं हूं आप क्या है। जो आपको आश्रम की बागडोर दे दिया जाए। आश्रम का असली मालिकाना हक हमारा है। हमें जो अच्छा लगेगा वह करूंगा आप कौन होते हैं। हमें रोकने टोकने वाले आश्रम से भाग जाओ नहीं तो जान से मार दिए जाओगे। यह सुनकर अधिकारी भयभीत है। क्योंकि विपक्षी लोग काफी दबंग किस्म के लोग हैं। जिनके द्वारा कभी भी मेरी हत्या हो सकती है। और सुप्रसिद्ध आश्रम लल्लापुर की धन दौलत और प्रॉपर्टी पर दबंगों का कब्जा हो सकता है। दबंग विपक्षियों के नाम इस प्रकार हैं।

गुरु प्रसाद पुत्र छेदूदास, राजेंद्र प्रसाद पुत्र अनिरुद्ध सिंह, मेवा लाल पुत्र प्रसादी, राजू पुत्र भल्लर, कपिल पुत्र अग्रेशन कपिल, बृजेश सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, दीनदयाल पुत्र मुख्य राम, रामखेलावन पुत्र नंहू जो कि थाना क्षेत्र सकरन के ही मूल निवासी हैं। जिनसे भयभीत होकर प्रार्थी छोटेदास पुत्र छेदूदास, ने जिला अधिकारी सीतापुर व पुलिस अधीक्षक सीतापुर को प्रार्थना पत्र देकर मामले की शीघ्र अति शीघ्र जांच कर कानूनी कार्यवाही व जानमाल की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# गोशाला में बनेगा बायोगैस प्लांट, डीएम ने भूमि-पूजन कर रखी नींव की पहली ईंट

अमर ख्याल अशोक सागर



गोंडा ।गोंडा मुजेहना में प्रदेश की प्रथम मॉडल गौ आश्रय केंद्र रुद्रगढ़ नौसी में बायोगैस प्लांट का निर्माण शुरू कराने के लिए डीएम उज्ज्वल कुमार ने शिलान्यास रखी। सीडीओ अरुनमोली, विधायक पत्नी व ब्लॉक प्रमुख इटियाथोक पूनम द्विवेदी, मुजेहना प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी ने विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास की नींव रखी । खण्ड विकास अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि 24 लाख रुपए की लागत से बायोगैस प्लांट का निर्माण होना है। भारत सरकार गोबरधन योजना के तहत गौ आश्रय केंद्र में सभी वृहद गौ शालाओं में कराया जाएगा, माना जा रहा है की बायोगैस प्लांट शुरू होने के बाद इससे आश्रय केंद्र आत्मनिर्भर बनेगा।बायोगैस प्लांट से जनरेटर संचालित किया जाएगा। बिजली सप्लाई से गांवों को मिलेगा लाभ जिससे आश्रय केंद्र को आपूर्ति मिल सकेगी अतिरिक्त बिजली की सप्लाई आस पास के गावों में भी दी जा सकती है। पशुओं के गोबर से जो गैस बनेगी उससे प्रकाश की ब्यवस्था बिना बिजली के हो पाएगी। साथ ही गैस सिलेंडर में भरने की ब्यवस्था भी की जा सकती है जो गृहणियों को सस्ता बायोगैस सिलेंडर भी उपलब्ध कराएगा, जिससे ग्राम पंचायत की आय भी बढ़ेगी और किसानो को यहां से देसी खाद भी दिया जाएगा।शिलान्यास के इस कार्यक्रम में डीपीआरओ लाल जी दूबे, सीवओ, पशु चिकित्सा अधिकारी राज कमल चौधरी, थाना प्रभारी ब्रह्मानन्द सिंह, ग्राम प्रधान तथा निर्माण करने वाली संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे। शिलाँन्यास कार्यक्रम के बाद आश्रय केंद्र में उपस्थित कर्मचारियों में इस बात की कानाफूसी होती रही की इतनी बड़ी गौ शाला में एक दर्जन से अधिक काम कर रहे

मजदूरों की जरूरतों का ध्यान नही रखा जा रहा है।

मानना है कि योजना कोई भी हो, उसके सुदृण सञ्चालन में मजदूरों का ही योगदान होता है, संचालन का कार्यभार देख रहे समय दीन यादव ने बताया है कि आश्रय केंद्र में काम करने वालों पर मजदूरों को खुले में शौच इत्यादि की निवृत्ति के लिए बाहर जाना पड़ता है। आश्रय केंद्र में शौचालय बनवाना बेहद जरूरी है, लेकिन इस पर कोई अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं।

# फागुन महोत्सव पर निकली श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच। थाना नवाबगंज के कस्बा नवाबगंज से श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे स्टेशन नानपारा के लिए श्री खाटू श्याम फागुन महोत्सव के तहत नवाबगंज में चल रहे दो दिवसीय निशान पूजन कार्यक्रम के दूसरे दिन श्री शिव शंकर धर्मशाला में प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पूर्व श्री खाटू श्याम परिवार के लोगो ने श्री श्याम जी के गगनभेदी नारे के गर्जन से भक्तों को खूब आनंदित किया। पैदल यात्रा के दौरान श्याम भक्तो ने फलों व प्याऊ शुद्ध पेयजल का वितरण किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त हाथों में निशान उठाये खाटू नरेश के जयकारे लगा रहे थे। कार्यक्रम में श्री खाटू श्याम परिवार नवाबगंज ने सहभागिता की। कार्यक्रम के आयोजक श्री खाटू श्याम परिवार नवाबगंज ने बताया कि शुक्रवार की सुबह छह बजे से निशान यात्रा श्री शिव शंकर धर्मशाला नवाबगंज से श्री हनुमान मंदिर से होकर श्री मंगली नाथ शिव मंदिर होते हुए नानपारा श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे स्टेशन नानपारा तक पैदल यात्रा करके वहीं कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक मिथलेश कुमार राय व चंदेश कुमार एवं एस आई रवीन्द्र कुमार चंद्रा, एस आई जयंत्री प्रसाद एस आई राघवेन्द्र सिंह, एस आई अयोध्या प्रसाद, एस आई वेदराम यादव, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, हेड कांस्टेबल स्वतंत्र विक्रम सिंह आजाद, कांस्टेबल संदीप कुमार, कांस्टेबल ओंकार चौधरी सहित पुलिस बल को तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर रखी थी।

# डीएम व एसपी ने नगर क्षेत्र के 03 परीक्षा केन्द्रों का किया भ्रमण



**अमर ख्याल अशोक कुमार**

**बहराइच 03 मार्च।** जिले में प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल अन्तर्गत सामाजिक विज्ञान विषय की बोर्ड परीक्षा का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ नगर क्षेत्र स्थित परीक्षा केन्द्रों महाराज सिंह इण्टर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज व राजकीय इण्टर कालेज बहराइच का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने कक्ष-कक्षों का निरीक्षण किया तथा नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा कन्ट्रोल में स्थापित स्क्रीन का भी अवलोकन कर केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ बोर्ड परीक्षा कराया जाय। डीएम व एसपी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को आश्वस्त किया कि नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हत्याभियुक्तो के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**अमरख्याल**

**गोरखपुर।** वीरेंद्र पासवान के हत्याभियुक्त इंद्रासन के खिलाफ माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम गोरखपुर ने नॉन वेलबल वारंट जारी किया है। सुधाकर उर्फ गामा के एफ आई आर के मुताबिक 15 जून 2013 को इंद्रासन व अन्य के ललकारने पर जगन्नाथ यादव ने राजी जगदीशपुर निवासी वीरेंद्र पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी थी। माननीय न्यायालय के सम्मन और वारंट के बाद भी इंद्रासन न्यायालय में हाजिर नहीं हुए थे। उक्त मामले में थाना झंगहा के ग्राम राजधानी निवासी अशोक व संतोष पुत्रगण स्व नवनाथ,जयराम पुत्र स्व परमदेव,विनय उर्फ विक्की पुत्र जयराम और सौलाभारी जंगल रसूलपुर निवासी राजकेवल और उनके पुत्रगण इंद्रासन और जगन्नाथ अभियुक्त हैं। माननीय न्यायालय ने इंद्रासन के खिलाफ गैर जमानती वारंट और अन्य अभियुक्त जो सम्मन के बाद हाजिर अदालत नही हुए तो उनके खिलाफ माननीय अदालत ने वारंट जारी किया। इस मामले के नामजद दो अभियुक्त रमासन और ठगई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। गौरतलब है कि लंबी कानूनी लड़ाई में सुधाकर यादव ने ने पुलिस के जांच को माननीय न्यायालय में चुनौती दिया था जिसको माननीय न्यायालय ने परिवाद में बदल कर परीक्षण कराया फिर उक्त अभियुक्तो को न्यायालय में तलब किया था।

# होली व शबे-बारात के मद्देनजर कन्ट्रोल रूम स्थापित

**अमर ख्याल अशोक कुमार**

**बहराइच** । होली व शबे-बारात त्यौहारों के अवसर पर जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 07 व 08 मार्च 2023 को होली तथा इसी दौरान शबे-बरात के त्यौहार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निम्न अधिकारियों की ड्यूटी उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई जाती है, जो अपने तैनाती क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर सतर्क दृष्टि रखेंगें तथा किसी प्रकार की विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी (मो॰ नं॰ 9454417535) व पुलिस अधीक्षक (मो0नं0 9454400259) एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट ( 9454417606), बहराइच व कन्ट्रोल रूम (दूरभाष नं0 05252-232815) को तत्काल देगें।

# दबंगों ने घर पर धावा बोलकर किया हमला,कई राउंड हवाई फायरिंग

## (दो सगे भाइयों के साथ ही एक महिला को पीटकर किया लहूलुहान)

**अमर ख्याल । आशीष गोस्वामी**

**गोण्डा।** जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में भूमि विवाद में असलहा व लोहे की राड से लैस दबंग घर पर चढ़ गए और हमला बोल दिया। दबंगों ने पीड़ित परिवार के दो सगे भाइयों समेत एक महिला को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया।आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल लाया गया,जहां से दो लोगों को गंभीर हालत में होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं पीड़ित पक्ष की ओर से ग्यारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के महिपत ठोरहंस गांव निवासी राजेश कुमार सिंह पुत्र हनुमान, उनके छोटे भाई जटाशंकर और जटाशंकर की पत्नी गीता सिंह गुरुवार को घर पर कुछ काम कर रहे थे। तभी एक दर्जन से अधिक लोग लोहे की राड,लाठी और असलहों से लैस होकर पहुंच गए और हमला बोल दिया। दबंगों ने घर में घुसकर राजेश सिंह उसके भाई जटाशंकर सिंह और गीता देवी को मारकर घायल कर दिया। यही नहीं दबंगों ने दोनो भाइयों को मरणासन्न करने के बाद कई राउंड हवाई फायरिंग भी किया। इसके बाद परिजनों ने घायल राजेश सिंह और जटाशंकर सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दोनों भाईयों को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं मदन मोहन सिंह ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके गांव के प्रिंस सिंह से भूमि का विवाद चल रहा था। उसी को लेकर उसके घर पर एक दर्जन लोगों ने हमला करके उसके पिता राकेश सिंह,चाचा जटा शंकर सिह और चाची गीता सिंह को मारपीट कर घायल कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर ग्यारह नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीडित परिवार के घर पर पुलिस लगा दी गई है। नामजद लोगों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है और उनके ठिकानों पर दबिश भी दी जा रही है।

**अमर ख्याल बहराइच।** 18वीं इण्टर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स नेशनल मीट के लिए जिला एथलेटिक्स टीम बहराइच की घोषणा कर दी गई है। डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अटल सिंह ने बताया कि 18वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स नेशनल मीट के लिए 16 सदस्य टीम प्रतिभाग करेंगी। एथलेटिक्स टीम का चयन स्थानीय इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन ट्रायल के माध्यम से सेलेक्शन किया गया है। सेलेक्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में एथलीट मौजूद रहे। संयुक्त सचिव अटल सिंह ने बताया कि 18वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स नेशनल टीम का आयोजन बिहार प्रदेश के पटना में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के सभी प्रदेशों से एथलेटिक्स टीमें प्रतिभाग करेंगी जूनियर नेशनल मीट के लिए चयनित खिलाड़ियों में अंडर 16 बालक वर्ग में 80 मीटर रेस

# लक्ष्य बनाकर करें तैयारी- डीएम

## (बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत 27 मेधावियों को डीएम ने किया सम्मानित)

अमर ख्याल आशीष गोस्वामी




गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर शुक्रवार को ह्यआसमा हैं आगेह्न कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जहां 27 मेधावियों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी डा० उज्ज्वल कुमार ने कहा कि सभी लक्ष्य बनाकर तैयारी करें, इससे लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी होगी।उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे भविष्य में देश की सेवा में अपना योगदान दें। मुख्य विकास अधिकारी एम. अन्नूमौली ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया। डीएम ने सर्वोच्च 10 स्थान पाने वाली इंटरमीडिएट की छात्राएं मुस्कान शुक्ला को 20 हजार व प्रमाण पत्र तथा जाह्नवी द्विवेदी, अंजलि मिश्रा, अंशिका पांडे, वर्णिमा श्रीवास्तव, सुरभि तिवारी, अनीता मिश्रा, आस्था सिंह, साक्षी मिश्रा, प्रियांशी मिश्रा, श्रुति कीर्ति शुक्ला, प्रगति द्विवेदी, कृष्णा कुमारी मौर्य, साक्षी तिवारी, युविका सिंह व हाईस्कूल की प्रिया जायसवाल, अनुष्का मिश्रा, सौम्या पांडे, शिवानी मिश्रा, रिधिमा सिंह, अदिति सिंह, स्मिता द्विवेदी, यशस्वी श्रीवास्तव, अनुकृति श्रीवास्तव, शशि वर्मा, उपासना, प्रकृति सिंह को प्रमाण पत्र व रू. 5 हजार प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्राओं व उनके परिजनों के साथ डिजिटल शिक्षा तथा स्वावलम्बन की चुनौतियों पर चर्चा की गयी। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह, राजकुमार आर्या, जितेन्द्र मिश्रा, शिवगोविन्द वर्मा, मनोज कुमार, आशीष मिश्रा, पंकज कुमार राव, ध्रुवचन्द्र, आदि मौजूद रहे।वितरित किया गया लैपटाप शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 15 छात्र/छात्राओं को डीएम डा0 उज्ज्वल कुमार व मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मौली ने लैपटाप वितरण किया। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत उन बच्चों को लैपटाप दिया गया, जिन्होने कोविड के कारण अपने माता या पिता को खो दिया है।

# पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अमर ख्याल । मधु



कुशीनगर। जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा मु0नं0 5803/2011 धारा 498ए/304बी भा0द0वि0 व ३ डीपी एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों 01. कृष्ण कान्त सिन्हा पुत्र ज्वाला प्रसाद, 02. अभियुक्ता साकिनान चन्द्रौटा थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तगण कृष्ण कान्त सिन्हा पुत्र ज्वाला प्रसाद साकिन चन्द्रौटा थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर, अभियुक्ता साकिन उपरोक्त

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 श्री अभिषेक सिंह थाना तुर्कपट्टी, उ0नि0 श्री आकाश गिरी थाना तुर्कपट्टी, का0 हेमन्त कुमार थाना तुर्कपट्टी, का0 अजीत सिंह थाना तुर्कपट्टी, म0का0 अमृता मौर्या थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर उपस्थित थे।

# चोरी करने में एक गिरफ्तार




**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** शुक्रवार को थाना पुलिस द्वारा थाना मिलक पर को पंजीकृत भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त सत्यपाल पुत्र भगवान दास नि0 मौ0 असदुल्लापुर कस्बा व थाना मिलक जनपद रामपुर को मय चोरी गये 500-500 के चार नोट (कुल 2000 रुपए) को कस्बा मिलक में पटवाई रोड रेलवे क्रासिग के पास से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच 03 मार्च। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को देर शाम मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में प्राप्त दावों के निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत लगभग 02 करोड़ रुपए के तहसील पयागपुर के 10, महसी, बहराइच व नानपारा के 06-06 तथा कैसरगंज के 12 दावें कुल 40 दावों की स्वीकृति प्रदान की गयी। शेष दावों के सम्बंध में उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिये गये कि स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर दावों के सम्बंध में आख्या उपलब्ध कराये ताकि शेष दावों के सम्बंध में समय से यथा उचित निर्णय लिया जा सके।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना में आग लगने, बाढ़, बिजली गिरने, करण्ट लगने, सांप के काटने, जीव-जन्तु, जानवर द्वारा काटने, मारने एवं आक्रमण से, समुद्र, नदी, झील, तालाब, पोखर व कुएं में डूबने, आंधी-तूफान, वृक्ष से गिरने, दबने, मकान गिरने, रेल, रोड, वायुयान, अन्य वाहन आदि से दुघर्टना, भू-स्खलन, भूकंप, गैस-रिसाव, विस्फोट, सीवर चैम्बर में गिरने अथवा अन्य किसी कारण से कृषक की दुर्घटनावस मृत्यु/दिव्यांगता की दशा में कृषक के विधिक वारिस/वारिसों को आर्थिक सहायता अनुमन्य प्रदान की जाती है। कृषक के मृत्यु अथवा पूर्ण शारीरिक अक्षमता की स्थिति में, दोनो हाथ, दोनो पैर अथवा दोनों आखों के क्षति पर एवं एक हाथ तथा एक पैर की क्षति पर 05 लाख रुपए, 50 प्रतिशत दिव्यांगता पर 2.50 लाख एवं 25 प्रतिशत की दिव्यांगता पर 1.25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बैठक में सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, पयागपुर दिनेश कुमार तहसीलदारगण व अन्य सम्बधित मौजूद रहे।

# षड्यंत्र रचकर भगाने व गैंग दुष्कर्म करने का दोषी आरोपी अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

अमर ख्याल । आशीष गोस्वामी



धानेपुर (गोण्डा)पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश दिए, वही दूसरी तरफ थाना धानेपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के उपरोक्त कुशल निर्देशन में महिला संबंधित अपराध एवं शोषण और अश्लील हरकत करने वाले अपराधियों को चिन्हित करके त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तारी करने को तत्काल प्रभाव से टीम किया गठित थाना धानेपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व उसके साथ गैंग दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त श्यामराज वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियुक्त ने थाना धानेपुर क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लडकी को बहला-फुसलाकर भाग ले गया था तथा किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया था। जिसके सम्बन्ध में थाना धानेपुर मे अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना धानेपुर में विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार कर्ता टीम उ0नि0 संतोष कुमार मय टीम सहित मौजूद रहे

# नाबालिग लड़की बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार




**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के खजुरी पुलिस चौकी अंतर्गत पड़ने वाले एक गांव से बीते 4 फरवरी को गायब हुई नाबालिग लड़की को मिजार्मुराद पुलिस ने बरामद करते हुए अपहरणकर्ता को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दी। मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने बताया कि बीते 4 फरवरी को रहस्यमय स्थित में एक नाबालिग लड़की गायब हो गई।परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया जब लड़की नही मिली तो 6 फरवरी की रात मिजार्मुराद थाने में लड़की के भाई ने राजातालाब के टोदरपुर गांव निवासी प्रदीप राय पर बहन को घर से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का तहरीर दिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ धारा 363/366/376(3) भादवि व 5छ/6 पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए युवक के तलाश में जुट गई थी।तभी शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर रखौना रिंग रोड के पास पुलिस ने राजातालाब टोडरपुर गांव निवासी प्रदीप राय को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया गया।गिरफ्तार युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया वही लड़की को मेडिकल हेतु भेजा गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत, खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान, एसआई नन्दलाल कुशवाहा व महिला कांस्टेबल रुची सिंह रही।

# कूटरचित प्रार्थनापत्र से हथियाई गयी बंजर खाते की54 बीघे भूमि बंजर खाते में हुई वापस

## (भूमाफिया ने तहसीलकर्मियों से मिलीभगत कर एक ही परिवार के पांच सदस्यों के नाम दर्ज करा ली थी 32 एकड़ भूमि)

**मिजार्मुराद।** राजातालाब तहसीलकर्मियों की मिलीभगत से जोगियापुर ग्राम पंचायत की 54 बीघा (32 एकड़) सार्वजनिक भूमि विविध प्रार्थना पत्र दे धोखे से खतौनी में नाम दर्ज करा करोड़ो का सरकार को चुना लगा दिया।उत्तर प्रदेश सरकार भू माफिया के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आदेश देती रही है। वही राजातालाब तहसील में व्याप्त अनियमितता के चलते शासन के आदेश धरे रह जा रहे हैं।ग्रामीणों की सतर्कता से सरकारी बंजर भूमि कौड़ियों के दाम बिकने से बच गयी।लक्ष्मी शंकर पाण्डेय की शिकायत पर तहसीलदार ने 2 मार्च को एक ही परिवार के नाम हुई 54 बीघे भूमि बंजर खाते में वापस कर भूमाफिया के सपनो पर पानी फेर दिया।बताते चलें कि रमाशंकर पांडेय पुत्र स्व काली प्रसाद निवासी ग्राम भोर खुर्द तहसील राजातालाब परगना कसवार सरकारी जिला वाराणसी ने जोगियापुर ग्राम पंचायत की रेबनो गांव भोरखुर्द जोगियापुर चकअटेरूआ बीरापुर किन्नू पुर की करीब 32 एकड़ (54 बीघा) सार्वजनिक भूमि पर छल कपट वह धोखे से अपनी पत्नी इसरावती देवी व पुत्रों राज शंकर, जय शंकर व शनि शंकर के नाम खतौनी में अंकित करा लिया उपरोक्त गांवों की भूमि पर 1917 का कूट रचित पट्टा के आधार पर चकबंदी के दौरान अपना नाम दर्ज कराने का प्रयास 1979 से करता रहा।चकबंदी विभाग ने उपसंचालक चकबंदी के आदेश क्रमशः 30-6-82 व 10 -1-83 व 6-1-84 द्वारा असफल रहे, और उक्त संबंध में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका प्रस्तुत भी किए लेकिन याचिका में एक आदेश दिनांक 15-1- 2009 को इस आशय का धोखे से हासिल कर लिए कि चकबंदी अधिकारी के आदेश दिनांक 26-5-1989 का अनुपालन किया जाए जबकि रिट याचिका में 26-5 -89 के आदेश के बाबत कोई विवाद ही नहीं था और रिट याचिका 1984 में प्रस्तुत उस आदेश 15-1- 2009 का दुरुपयोग करते हुए रमाशंकर पांडेय ने अपने विरुद्ध 122 बी के मुकदमे को उठा लिया।जिसके बाबत प्रस्तुत तजवीजसानी का निस्तारण अभी तक नहीं हुआ है। इसके अलावा उसी जमीन में 229 का मुकदमा किया जो निरस्त हो गया। इसके अलावा अपने पिता के जीवित रहते हीं पिता को मृतक दिखाकर अपना नाम कागजातों में दर्ज कराना चाहा लेकिन असफल रहे।इनके कूट रचित कार्यों से खिन्न जिलाधिकारी ने दिनांक 30-8 -2010 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।जिसकी पत्रावली का पता नहीं चला।रमाशंकर पांडेय द्वारा धारा 31/32 ऐक्ट 2006में वाद प्रस्तुत किया गया लेकिन उप जिलाधिकारी राजातालाब न्यायिक द्वारा 4 जून 2022 को निरस्त कर दिया गया। इन सभीअसफलताओं के बाद भी रमाशंकर पांडे के विविध प्रार्थना पत्र पर तहसील राजातालाब के राजस्वकर्मी व राजकीय अधिवक्ता की उदासीनता के कारण रमाशंकर पांडेय और उनकी पत्नी वह पुत्रों का नाम खतौनी में 8 फरवरी 2023 में दर्ज हो गया।जानकारी होने पर रमाशंकर के भाइ लक्ष्मीशंकर आदि ने 1 मार्च 2023को तहसीलदार राजातालाब व उप जिलाधिकारी राजातालाब को उपरोक्त प्रकरण से अवगत कराया।गम्भीरता को देखते हुए तहसीलदार ने अपने पूर्व के आदेश को 2 मार्च2023 को वापस लेकर उक्त भूमि को पुनः ग्रामपंचायत के बंजर खाते दर्ज कर लिया। रमाशंकर पांडेय अपने जीवन काल में लगभग 44 वर्षों से असफल होते हुए भी स्वामित्व हासिल करने में फरेब द्वारा धनलोलुप कर्मियों से मिलीभगत कर मात्र 23 दिनों तक 54 बीघे के काश्तकार बनने में सफल रहे जबकि उनके दादा स्व. रामस्वरूप व उनके पिता स्व. काली प्रसाद के समय से वर्ष 1917 के बाद अधिनियम 1926 वह अधिनियम 1939 वह अधिनियम 1951 प्रभाव में थे। उपरोक्त प्रकरण में रमाशंकर पांडेय के खिलाफ भू माफिया की कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो सकी है। रमाशंकर उपरोक्त भूमि को बेचने व लोन के फिराक में तत्पर रहे।44 वर्षो से जिला समेत उच्चतम न्यायालय में दर्जनों मुकदमे कूटरचित चला असफलताओं के बाद भी ग्रामवासियों को परेशान कर अदालतों को भी धोखा देते रहे है। उपजिलाधिकारी राजातालाब के सख्त तेवर से आदेश वापस लेना तहसीलकर्मियों की विवशता बन गयी।

ग्रामीण लक्ष्मीशंकर, शीतला प्रसाद समेत ग्राम प्रधान देवचंद यादव ने उक्त प्रकरण में एफ आई आर दर्ज करने की मांग जिलाधिकारी से की।





# तहसील राजातालाब में ब्याप्त भष्ट्राचार से वकीलों मे आक्रोश

## न्यायालयो में भष्ट्राचार को बढ़ावा दे रहे आउट साइडरो को किया जाय तहसील परिसर से बाहर ---( जैलेंद्र कुमार राय- अध्यक्ष तहसील राजातालाब )







**रोहनिया** ' तहसील राजातालाब में ब्याप्त भष्ट्राचार के मुद्दे को लेकर आक्रोशित वकीलों ने शुक्रवार को एसडीएम राजातालाब के पोर्टिको के सामने जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए एसडीएम के नाम सम्बोधित तीन सूत्रीय माँग पत्र तहसीलदार राजातालाब को सौप कार्यवाही की माँग किया ' ज्ञात हो कि प्रस्तावक विनोद कुमार सिंह एडवोकेट के प्रस्ताव पर उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार द्विवेदी द्वारा भ्रष्टाचार में संलिप्त तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने तथा तहसील परिसर में कुछ प्राइवेट कर्मचारियों को धन उगाही के लिए रखने व पत्रावलीया गायब होने तथा आदेश वाली पत्रावली में बिना रुपया लिए आदेश न करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा गया,धरना प्रदर्शन के दौरान लक्ष्मी कुमार पांडेय,अखिलेश कुमार मिश्रा,श्याम सुंदर त्रिपाठी,मनोज कुमार चौबे,पूर्व अध्यक्ष सर्वजीत कुमार भारद्वाज, छेदी लाल यादव, दिनेश कुमार शर्मा, विनय कुमार पांडेय इत्यादि अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव के समर्थन में अपना विचार ब्यक्त किया । जिसका संचालन महामंत्री विजय कुमार भारती तथा अध्यक्षता जैलेंद्र कुमार राय ने किया।वकीलों ने उपजिलाधिकारी राजातालाब के स्थानांतरण तक उनके न्यायालय का बहिष्कार रहेगा,तहसीलदार न्यायालय सहित नायब तहसीलदार के न्यायालय का भी सांकेतिक रूप से हड़ताल 6 मार्च तक रहेगा,6 मार्च दिन सोमवार दोपहर 12 बजे से अधिवक्ता गण उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने धरने पर बैठेंगे इत्यादि माँग पत्र तहसीलदार राजातालाब सतीश वर्मा को सौप कर कार्यवाही की माँग किया है '

# डॉ मनोज तिवारी को विश्व पुस्तक मेला, दिल्ली में किया गया सम्मानित

## डॉ मनोज तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक शिक्षा मनोविज्ञान का हुआ विमोचन




**वाराणसी।** प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में वाराणसी के प्रसिद्ध लेखक, शिक्षाविद एवं मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार तिवारी, वरिष्ठ परामर्शदाता, एआरटी सेंटर, एसएस हॉस्पिटल, आईएमएस, बीएचयू को उत्कृष्ट लेखन व शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए रिनेवा इंटरनेशनल पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली द्वारा स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ मनोज तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक ३शिक्षा मनोविज्ञान३ का विमोचन हुआ। विदित हो पूर्व में डॉ तिवारी द्वारा बाल विकास एवं अधिगम, मनोविज्ञानः शैक्षिक मूल्यांकन व प्रबंधन, एचआईवी/ एड्सः दशा व दिशा, मनोविज्ञान व शिक्षण ( दो संस्करण), बाल मनोविज्ञान व शिक्षाशास्त्र, बाल मनोविज्ञानः शिक्षण व जीवन कौशल, मानव बृध्दि व विकास, दिव्यांगताः समग्र उपागम सहित अनेक पुस्तकों की रचना करने के साथ अनेक पुस्तकों में अध्याय भी लिखा गया है। डॉ मनोज तिवारी द्वारा लिखी गई पुस्तकें विशेष शिक्षा, मनोविज्ञान एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हिंदी भाषी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत सहायक होती हैं। डॉ मनोज सतत रूप से पत्रिकाओं व समाचार पत्रों में समसमायिक विषयों पर लेख राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लिखते रहतें हैं। लेखन के साथ ही डॉ तिवारी की शिक्षण, प्रशिक्षण, परामर्श, मनोवैज्ञानिक परीक्षण, मनोचिकित्सा, समाज सेवा में गहरी रुचि है, आप व्दारा आरपीएफ, एनडीआरएफ, उ.प्र. पुलिस व पीएसी बल, दिव्यांगजनों, बन्दीजनों, छात्रों, गरीबों को निशुल्क मनोवैज्ञानिक सेवाएं प्रदान की जाती है। इस अवसर पर मृदुल अवस्थी, अनिल उपाध्याय, मनीष सिंह, डॉ मुकेश श्रीवास्तव, पवन कुशवाहा, महेंद्र मिश्रा, राजेश उपाध्याय, मनीष पांडेय सहित देशभर से अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ तिवारी को अपने शुभकामना प्रेषित किया है। समारोह में रिनोवा इंटरनेशनल पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली के निदेशक स्वदेश राँय, मुख्य अतिथि के रूप में के बी सिम्बा राव पूर्व निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में टी डी धारियल पूर्व निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दिल्ली सरकार, डॉ जेपी सिंह, रेनु मालवीय, डॉ जयंती पुजारी सहित देशभर 500 से अधिक प्रोफेशनल उपस्थिति रहें।



# ऑस्कर 2023 में पुरस्कार प्रदान करेंगी दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण इस साल ऑस्कर पुरस्कार समारोह में पुरस्कार प्रदान करने के लिए शिरकत करेंगी। दीपिका ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर ऑस्कर 2023 के प्रेजेंटर की सूची साझा करते हुए यह जानकारी की। भारत इस साल तीन श्रेणियों में अपनी दावेदारी पेश कर रहा है। फिल्मकार एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर का गीत नाटु नाटु सर्वश्रेष्ठ मूल गीत श्रेणी में, भारतीय वृत्तचित्र ऑल दैट ब्रीद्स वृत्तचित्र फीचर श्रेणी में और द एलिफेंट व्हिस्परर्स लघु विषय श्रेणी में नामित है। द एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) के अनुसार, पुरस्कार समारोह का अयोजन 12 मार्च को अमेरिका के लॉस एंजिलिस के डोली थिएटर मे किया जाएगा। इससे पहले दीपिका ने कान फिल्म उत्सव 2022 की 75वीं वर्षगांठ पर बतौर ज्यूरी भारत का नेतृत्व किया था। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच फाइनल से पहले पिछले साल 18 दिसंबर को लुसैल स्टेडियम में फीफा विश्व कप ट्रॉफी का भी उन्होंने अनावरण किया था।

# मैट्रिक्स फाइट नाइट 11 भारत में वापस आया

मैट्रिक्स फाइट नाइट भारत में अग्रणी एमएमए प्रचार है और 31 मार्च को हमारे देश की राजधानी नई दिल्ली में अपने 11वें संस्करण के साथ वापस आ रहा है। चीजों को एक पायदान ऊपर ले जाने के लिए, एमएफएन आयरलैंड और किर्गिस्तान से आने वाले उच्च स्तर के एथलीटों के साथ कुछ मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को पेश करेगा। खेल के प्रशंसक एक और होमटाउन शो की मांग कर रहे हैं, इसलिए वर्ष 2022 को समाप्त करने के लिए दुबई में एक सुपर सफल कार्यक्रम के बाद, एमएफएन अब लोकप्रिय मांग से घर वापस आ गया है।



मैट्रिक्स फाइट नाइट की स्थापना युवा आइकन कृष्णा श्रॉफ और उनके एक्शन सुपरस्टार भाई टाइगर श्रॉफ ने की थी, जो दोनों सक्रिय रूप से सोशल मीडिया पर एक स्वस्थ जीवन शैली जीने को बढ़ावा देते हैं, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को प्रेरित करते हैं। प्रचार कार्यों की देखभाल उनकी उद्यमी मां, आयशा श्रॉफ और कोच एलन फेनांडेस द्वारा की जाती है, जो भारत में एमएमए के मूल प्रतिपादकों में से एक हैं, साथ ही खेल को नियमित करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक हैं। कृष्णा और आयशा दुनिया भर में एकमात्र ऐसी महिला उद्यमी हैं, जिनके पास अपना खुद का फाइट प्रमोशन ब्रांड है।

एमएफएन 11 के बारे में अधिक बात करते हुए, कृष्णा श्रॉफ कहती हैं, हम एक होमटाउन शो के साथ साल की शुरुआत करने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं। हमारे घर के दर्शक जो ऊर्जा लाने में कभी असफल नहीं होते हैं, उससे बेहतर कुछ भी नहीं है। फाइट कार्ड के साथ हम तैयार हैं, एमएफएन 11 हमारे प्रशंसकों और दर्शकों के लिए बड़े और रोमांचक मुकाबले देने का वादा करता है!

आयशा श्रॉफ ने कहा, हर इवेंट का अपना अनूठा स्पर्श होता है; हालांकि, एमएफएन 11 के फाइट कार्ड के साथ, कुछ नई प्रतिभाएं और एक चैंपियनशिप बेल्ट लाइन पर है, जहां हम भारत को किर्गिस्तान का सामना करते हुए देखेंगे। हमारा यह मानना है कि यह हमारा अब तक का सबसे बड़ा शो होगा! हमारा उद्देश्य हमेशा हमारे देश में खेल के साथ-साथ हमारे एथलीटों की प्रतिभा को एमएफएन मंच की चमकदार रोशनी में लड़ने का अवसर देकर जागरूकता बढ़ाना रहा है। मैं और इंतजार नहीं कर सकती यह सब देखने के लिए।

मुकाबले नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में होंगे। शो शाम 6.00 बजे शुरू होगा और आप शाम 7.00 बजे से डिज्नी हॉटस्टार ऐप पर सभी एक्शन को लाइव देखना सुनिश्चित कर सकते हैं। पिछले संस्करण ने बड़े पैमाने पर दर्शकों की संख्या हासिल की, जिससे किसी को यह विश्वास हो गया कि श्रॉफ परिवार ने निश्चित रूप से देश भर में फैले एमएमए के क्रेज में मदद की है।

# मां से मिलने पहुंचे थे नवाजुद्दीन, भाई ने रोक दिया



नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी मां से मिलने वर्सोवा स्थित बंगले पर पहुंचे थे जहां उनके भाई फैजुद्दीन ने उन्हें बाहर ही रोक दिया और अंदर नहीं जाने दिया। एक्स वाइफ आलिया और सगे भाई शमास के साथ नवाजुद्दीन के विवाद के चलते मां की तबीयत लगातार बिगड़ रही है, इसी को देखते हुए नवाज उनसे मिलने पहुंचे थे, लेकिन वहां से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

जब मीडिया ने फैजुद्दीन से पूछा कि उन्होंने नवाज को अंदर जाने से क्यों रोका। जवाब में उन्होंने कहा, नवाज भाई की एक्स वाइफ आलिया ने उनके ऊपर रेप का केस दर्ज कराया है। अम्मी इन बातों से बहुत परेशान हैं, डॉक्टर्स का कहना है कि उन्हें आराम की जरूरत है। मैंने नवाज भाई से कहा कि अभी अम्मी की तबीयत ठीक नहीं है, और आपका भी मामला कोर्ट में चल रहा है। हम नहीं चाहते कि वो कोई स्ट्रेस लें, इसलिए उन्हें अभी मिलने से मना कर दिया है। नवाज भाई को जब पता चला कि मां की तबीयत खराब है तो वो देहरादून से भागते-भागते आए, लेकिन अम्मी की तबीयत को देखते आलिया और नवाज भाई दोनों को उनसे दूर रखा गया है। हालांकि उनके बच्चों को अपनी दादी से मिलने की कोई मनाही नहीं है।

**भाइयों के नाम की पुश्तैनी जमीन**

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने इसी बीच उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में स्थित अपने गांव बुढ़ाना की पुश्तैनी जमीन अपने भाइयों के नाम कर दी है। नवाजुद्दीन अचानक से मुजफ्फरनगर जिला रजिस्ट्रार के ऑफिस पहुंचे। उन्होंने रजिस्ट्रार के सामने दो डॉक्यूमेंट पर साइन किए। उन्होंने अपने हिस्से की पुश्तैनी जमीन-जायदाद एक भाई के नाम कर दी है। वहीं तीन भाइयों में अन्य प्रॉपर्टी की वसीयत लिख दी है।

# भीड़ : एक अनोखा ब्लैक एंड व्हाइट सिनेमाई अनुभव

1947 के भारत विभाजन की याद दिलाने वाली श्वेत-श्याम तस्वीरों के साथ दर्शकों के बीच कौतूहल पैदा करने के बाद, भीड़ के निर्माताओं ने अटकलों पर विराम लगाते हुए एक वीडियो जारी किया है। तस्वीरें, जो 1947 के भारत विभाजन जैसी दिखती हैं, 2020 के भारत लॉकडाउन से चौंकाने वाली हैं, उसी समय की याद दिलाती हैं जब लोग अपने घरों से बिछड़ गए थे।

84वें अकादमी पुरस्कार विजेता फ्रेंच फिल्म द आर्टिस्ट के 12 साल बाद, भूषण कुमार और अनुभव सिन्हा की आने वाली सोशल ड्रामा भीड़ पूरी तरह से ब्लैक एंड व्हाइट में बनी एक और फीचर फिल्म है। उस समय सामाजिक विषमता की कठोर वास्तविकता को चित्रित करते हुए जब देश के भीतर सीमाएं खींची गई थीं। राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर स्टारर यह कहानी उस समय की कहानी है जब देशव्यापी लॉकडाउन के बीच प्रवासी कामगार बिना किसी सुविधा और आवश्यकता के फंसे हुए थे, और अपने घर का रास्ता खोजने की कोशिश कर रहे थे। राजकुमार राव ने पोस्ट करते हुए लिखा, हम कहनी बता रहे है उस वक्त की जब बंटवारा देश में नहीं, समाज में हुआ था तभीड कहानी डार्क टाइम की, ब्लैक एंड व्हाईट में, 24 मार्च को सिमेमाघरो में रिलीज होगी।



अनुभव सिन्हा ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, भीड़ सबसे खतरनाक समय की कहानी है जिसने मानवता के लिए सब कुछ बदल दिया। फिल्म को ब्लैक एंड व्हाइट में शूट करने का मुख्य उद्देश्य यह दिखाना था कि भारत के लॉकडाउन के दौरान सामाजिक असमानता के दृश्य कैसे थे। 1947 के भारत विभाजन के दौरान लोगों ने जो कुछ झेला था, उससे काफी मिलता-जुलता है। यह कहानी उन लोगों की है, जिनका जीवन एक झटके में बदल गया और उनके जीवन के रंग तब खो गए, जब देश के भीतर सीमा खींची गई थी।

भूषण कुमार कहते हैं, भीड़ एक विशेष फिल्म है क्योंकि यह लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए सबसे कठिन समय का सामना करने की कहानी बताती है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कहानी है और इसे निर्देशित करने के लिए अनुभव से बेहतर कौन हो सकता है? फिल्म की शूटिंग कहां की गई है? ब्लैक एंड व्हाइट यह हमारे समाज में संघर्ष को दर्शाता है जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। मुझे खुशी है कि हम अपने दर्शकों के लिए एक अद्वितीय सिनेमाई अनुभव के साथ इतनी महत्वपूर्ण कहानी लाने में सक्षम हैं।

अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपनी तरह की एक ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म होने जा रही है, जोकि सिल्वर स्क्रीन पर पहली बार होगा। फिल्म उस विभाजन के बारे में बोलती है, जिसे हमारी पीढ़ी ने 2020 में अनुभव किया था।




# शाहरुख के बंगले मन्नत में 2 लोग घुसे, सुरक्षा गार्ड ने पकड़ा

शाहरुख खान के बंगले मन्नत की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया। गुरुवार देर रात दो युवक दीवार फांदकर बंगले के तीसरी मंजिल तक पहुंच गए। हालांकि, सिक्योरिटी गार्ड्स ने इन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों लड़कों की उम्र 21 से 25 साल बताई जा रही है। दोनों गुजरात के हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईपी की धारा 452/34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना के वक्त शाहरुख खान घर पर नहीं थे। दोनों लड़के बंगले की तीसरी मंजिल तक पहुंच गए थे। सबसे पहले सिक्युरिटी गार्ड ने देखा। ये घटना रात 9.30 बजे की है। पुलिस की पूछताछ में बताया कि दोनों सूरत के रहने वाले हैं और शाहरुख से मिलने के लिए मुंबई पहुंचे थे। दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड का पता लगाया जा रहा है।



व्हाइट मार्बल से बने इस बंगले मन्नत को शाहरुख ने 2001 में बाई खोरशेद भानू संजना ट्रस्ट से लीज पर 13.32 करोड़ रुपए में खरीदा था। चार साल तक चले इसके रिनोवेशन के बाद इसे मन्नत नाम दिया गया। मुंबई स्थित फकीह एंड एसोसिएट्स ने 6,000 वर्ग फीट के इस बंगले को संवारा है। शाहरुख-गौरी के इस बंगले का ढांचा 20वीं सदी के ग्रेड-3 हेरिटेज का है, जो चारों तरफ खुलता है। आसमान की ओर, पीछे की ओर और किनारे की ओर।

6 मंजिला मन्नत में शाहरुख खान का परिवार महज 2 मंजिलों में ही रहता है। बाकी की मंजिलों को ऑफिस, प्राइवेट बार, प्राइवेट थिएटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट रूम, जिम, लाइब्रेरी, प्ले एरिया और पार्किंग जैसी अन्य सुविधाओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

# टॉलीवुड की राह चलीं मानुषी

साल 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम करने वाली मानुषी छिल्लर ने 2022 में अक्षय कुमार संग फिल्म सम्राट पृथ्वीराज से डेब्यू किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी। हफ्तेभर के अंदर ही सम्राट पृथ्वीराज ने दम तोड़ दिया था। बॉलीवुड में फ्लॉप होने के बाद अब मानुषी छिल्लर ने टॉलीवुड की राह पकड़ ली है। वरुण तेज अभिनीत फिल्म वीटी 13 में मानुषी छिल्लर भी अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। सोनी पिक्चर फिल्म इंडिया ने हाल ही में एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने मानुषी छिल्लर की कास्टिंग का एलान किया है। यह फिल्म तेलुगू और हिंदी में रिलीज होगी, जिसकी शूटिंग आज से शुरू हो गई है। यह सच्ची घटनाओं पर आधारित एक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म में वरुण तेज भारतीय सेना के पायलट की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं मानुषी रडार ऑफिसर का रोल निभाएंगी।



**बदल सकता है फिल्म का नाम**

बता दें कि कुछ समय पहले इस फिल्म का एलान हो चुका था। फिल्म को शक्ति प्रताप सिंह डायरेक्ट कर रहे हैं। फिलहाल इसका नाम वीटी 13 रखा गया है, लेकिन आखिरी टाइटल का खुलासा बाद में किया जाएगा। वीटी 13 के लेखक आमिर खान और सिद्धार्थ राजकुमार हैं। फिल्म का निर्माण सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और रेनेसां पिक्चर्स के संदीप मुड्डा कर रहे हैं।

# 'पहले से 100 प्रतिशत बेहतर होगी ब्रह्मास्त्र-2'

ब्रह्मास्त्र पार्ट वन-शिवा ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। इस फिल्म को बनने में लगभग 10 सालों का समय लग गया। लेकिन दूसरे पार्ट को तैयार करने में अयान मुखर्जी अब इतना समय नहीं लेना चाहते हैं। हाल ही में मीडिया को दिए इंटरव्यू में अयान ने बताया कि वो अपनी इस फिल्म के दूसरे पार्ट का काम जल्द से जल्द खत्म करने का मन बना रहे हैं। इतना ही नहीं अयान का मानना है कि अगर वो दूसरे पार्ट को बनाने में 10 साल जितना समय लगाएंगे, तो उनकी फिल्म फिल्म देखने कोई नहीं आएगा। अयान ने बताया कि उन्होंने फिल्म ब्रह्मास्त्र 2 पर काम शुरू कर दिया था। बातचीत के दौरान अयान के कहा- 'हमने काम शुरू कर दिया है, कुछ समय में फिल्म बनकर तैयार हो जाएगी। मैं 100 प्रतिशत दावा करता हूं कि ये पिछले दस सालों में बनी फिल्म से जल्दी और बेहतर होगी।'



अयान ने आगे कहा- 'अगर मैं इस फिल्म को तैयार करने में अगले 10 साल और लेता हूं तो ब्रह्मास्त्र 2 देखने कोई भी नहीं आएगा। हम जल्द से जल्द फिल्म का काम पूरा करना चाहेंगे।'

**2025 में आएगा ब्रह्मास्त्र का दूसरा पार्ट**

अयान ने पिछले दिनों एक इंटरव्यू में कहा था- 'हमारा लक्ष्य है कि हम इस फिल्म को बनाना चाहते हैं और यह तीन साल बाद आएगी। अब हम सीख गए हैं कि इस तरह की फिल्में कैसे तैयार की जाती हैं।' इतना ही नहीं सीक्वल के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि पार्ट 2 देव में बैक स्टोरी के साथ-साथ प्रेजेंट में भी चलती रहेगी। भले ही ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था, इसके बावजूद फिल्म ऑडियंस और क्रिटिक्स को इंप्रेस करने में असफल रही थी। अयान ने खुद फिल्म की कमजोरी को स्वीकार करते हुए कहा था- यह अवॉर्ड जीतने वाली फिल्मों में से नहीं थी, यह महज एक पॉपुलर फिल्म थी।'

# नई प्रतिभाओं को बेहतर मंच देना जरूरी

मनोरंजन के क्षेत्र की प्रतिभावान प्रतिभाओं का यदि सही मंच न मिले तो उनकी प्रतिभा कहीं न कहीं समाज के सामने आने से वंचित रह जाती हैं। ऐसा न हो इसके लिए मनोरंजन व कला के क्षेत्र की सुप्रसिद्ध फेमस गैंग ने उभरती नई प्रतिभाओं को बेहतर से बेहतर मंच देने का बीड़ा उठाया हुआ है और सच में यह फेमस गैंग बॉलीवुड, संगीत, डांस सहित कला के किसी भी क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को ऐसा मंच देने में अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है, जिसका सपना हर कलाकार एक फेमस नाम बनने से पहले अपने दिल में संजोता है।

मनोरंजन व कला के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध फेमस गैंग ने करोल बाग में ग्लैम शूट सहित ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाले अपने नए प्रोजेक्ट का मुर्हुत क्लैप का आयोजन किया। इस खास मौके पर फेमस गैंग के संस्थापक राजीव इलवाधी व अरविन्द कुमार ने बताया कि उभरती नई प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने का काम फेमस गैंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि नए टैंलेट को मनोरंजन के क्षेत्र में आने में काफी संघर्ष का सामना करना पड़ता है, क्योंकि इस क्षेत्र के धुरंधर नई प्रतिभाओं को फ्रेशर बताकर उनसे पल्ला झाड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन हमारा मानना है कि आज के दौर में नई उभरती प्रतिभाओं के पास बेशुमार टैलेंट है, बस उसे निखारने की जरूरत है तो वे भी मनोरंजन के क्षेत्र में अपना नाम और मुकाम बना सकते हैं।



# भारत को नौ विकेट से हराकर ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

**एजेंसी ■ इंदौर**



ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को यहां तीन दिन के अंदर भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की श्रृंखला में वापसी की और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 76 रने के लक्ष्य को एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के बाद भी ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में1-2 से पीछे है। ट्रेविस हेड (नाबाद 49) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 28) ने पारी की शुरुआती ओवरों में मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद 18.5 ओवरों में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। भारत में जीत मेहमान टीमों के लिए दुर्लभ होती है और ऑस्ट्रेलिया के लिए भी यह अलग नहीं था, जिसने छह साल में भारतीय धरती पर अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के लिए पिछले 10 वर्षों में यह केवल तीसरी हार है। टीम को नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले अपनी योजनाओं पर फिर से काम करने की आवश्यकता होगी। श्रृंखला में इस्तेमाल हुई पिचों की भी तीखी आलोचना हुई है और यह देखाना दिलचस्प होगा कि क्या भारत स्पिन के अनुकूल पिचों की प्राथमिकता को जारी रखेगा क्योंकि घरेलू टीम के बल्लेबाज भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बुरी तरह संघर्ष करते दिखे हैं। भारत अपनी दो पारियों में केवल 109 और 163 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया टीम जिस तरह से नागपुर और दिल्ली की दूसरी पारी लड़खडाई थी उससे लग रहा था कि शुक्रवार को पहले सत्र में कुछ भी हो सकता है। जीत के लिए 76 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को रविचंद्रन अश्विन ने दिन की दूसरी गेंद पर उस्मान ख्वाजा को कैच आउट कराकर चमत्कार की उम्मीद जगाई। अश्विन की यह गेंद तेजी से टर्न लेते हुए ख्वाजा के बल्ले का किनारा लेते हुई विकेट कीपर कोना भरत के दस्तानों में चली गई। स्कोर बोर्ड पर बिना किसी रन के पहला विकेट गंवाने के बाद टीम दबाव में थी लेकिन लाबुशेन ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर चौका लगाकर दबाव कम किया। हेड और लाबुशेन को आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है लेकिन दोनों ने बिना कोई जोखिम लिए शुरुआती 10 ओवर में सिर्फ 13 रन बनाए। पारी के 10वें ओवर में गेंद बदलने के बाद मैच का रूख ऑस्ट्रेलिया की ओर मुड़ गया। अश्विन इस गेंद से संतुष्ट नहीं थे और हेड ने उनके ओवर में चौका और छक्का जड़कर अपने इरादे जात दिए। हेड और लाबुशेन ने इसके बाद जडेजा के खिलाफ चौके लगाए।

## एक नजर

### प्रणवी, रिधिमा ने जोबर्ग लेडीज ओपन में कट में प्रवेश किया

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और रिद्धिमा दिलावरी ने तीन लाख यूरो (लगभग 2.62 करोड़ रुपए) जोबर्ग लेडीज ओपन के कट में जगह हासिल करने में सफल रही। रिद्धिमा ने सनशाइन लेडीज टूर पर पाँच टूर्नामेंट में से चौथे में कट हासिल किया। वह दो दौर के बाद इवन पार स्कोर के साथ संयुक्त-29वें स्थान पर हैं। प्राणवी उनसे बेहतर प्रदर्शन कर एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर है। तीन अन्य भारतीय गोल्फर वाणी कपूर (75-78), अमनदीप द्राल (76-78) और दीक्षा डागर (78-77) गुरुवार को कट में जगह बनाने में विफल रहे।

### इंडियन महाराजा के कोच बने क्लूजनर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज हरफनमौला लांस क्लूजनर को लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) मास्टर्स में इरफान पठान, एस श्रीसंत और रॉबिन उथप्पा जैसे सितारों से सजी इंडियन महाराजा टीम का शुक्रवार को कोच नियुक्त किया गया। कतर में 10 से 20 मार्च तक खेले जाने वाले पूर्व खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों की इंडियन महाराजा टीम के अलावा वर्ल्ड जायंट्स और एशिया लायन्स की टीमें हिस्सा लेंगी। साल 2007 में भारतीय टीम के टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के समय कोच रहे लालचंद राजपूत इस टूर्नामेंट में वर्ल्ड जायंट्स के कोच होंगे जबकि क्रिकेट के दुनिया के सफल कोच में शुमार डेव वाटमोर एशिया लायन्स टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने बताया कि अपने जमाने के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज और तेज गेंदबाज रहे क्लूजनर ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मैं इस बात की बहुत सराहना करता हूं कि मुझे एलएलसी मास्टर्स में भारतीय क्रिकेट के इतने बड़े दिग्गजों के साथ काम करने का मौका मिला है और मैं उन्हें अंतरराष्ट्रीय खेल के सबसे बड़े सितारों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते देखूंगा।

### डब्ल्यूपीएल: महिला क्रिकेट में नए युग की शुरुआत

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरू होने के साथ भारतीय क्रिकेट में नए युग का उदय होगा जहां महिला खिलाड़ियों को अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने के लिए जरूरी अनुभव मिलने के साथ बड़ी धनराशि और ग्लैमर का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियन्स के बीच मुकाबले से 21 मैचों का यह टूर्नामेंट शुरू होगा। मुंबई की अगुवाई भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर करेंगी तो वहीं गुजरात की कमान विकेटकीपर बेथ मूनी हाथों में है। डब्ल्यूपीएल दिग्गज और स्थापित खिलाड़ियों के साथ स्नेहा दीप्ति और जासिया अख्तर जैसे खिलाड़ियों के बारे में होगा। स्नेहा यह साबित करना चाहेगी कि मां बनने के बाद भी उनके जुनून में कोई कमी नहीं आई है।

## शॉर्ट न्यूज

### थोड़ी आत्ममुग्धता और अति-आत्मविश्वास से ही ऐसा हुआ: शास्त्री

**इंदौर।** पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि मेजबान टीम के बल्लेबाजों को आत्ममुग्धता और अति आत्मविश्वास का



खामियाजा भुगतना पड़ा जो तीसरे टेस्ट में यहां ऐसे विकेट पर आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबदबा बनाने के अति आतुर थे जिस पर गेंद काफी टर्न ले रही थी और उस पर पहली सुबह से ही असमान उछाल था। आस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में भारत को नौ विकेट से मात दी जो दो दिन के बाद तीसरी सुबह जल्दी खत्म हो गया। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, थोड़ी सी आत्ममुग्धता और थोड़ा सा अति आत्मविश्वास देखिए क्या कर सकता है जिसमें आप चीजों को हल्के में लेने लगते हो, आप सतर्क नहीं रहते और यह मैच आपको नीचे ले आएगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह (हार) इन सभी चीजों का समन्वय था। जब आप पहली पारी को देखोगे तो जरा उनके द्वारा खेले गए कुछ शॉट को देखो, इस तरह की परिस्थितियों में दबदबा बनाने की कोशिश करने की अति उत्सुकता देखिए। इसका आक्लन करने के लिए एक या दो कदम पीछे रखकर देखिए। पूर्व आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने भी भारतीय बल्लेबाजों की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि वे टीम में अपने स्थान बचाने के लिए खेल रहे थे। उन्होंने कहा, टीम में भी बदलाव हुआ। केएल राहुल को अंतिम एकादश से बाहर किया गया। इस तरह की कुछ चीजें थोड़ी अस्थिरता भरी होती हैं, खिलाड़ी अपना स्थान बचाने के लिए खेल रहे थे और ए मौके अलग तरह की मानसिकता बना सकते हैं। भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी तीसरे टेस्ट में लचर प्रदर्शन के लिए भारतीय बल्लेबाजों की आलोचना की और कहा कि पिच उनके दिमाग पर हावी रही। हेडन ने आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड की प्रशंसा की जिन्होंने नाबाद 49 रन की पारी खेली। 51 वर्षीय हेडन ने कहा, जब आप जज्बा और इरादा दिखाते हो तो इसके बाद जो होता है, वो शानदार होता है। यह काफी अच्छी बल्लेबाजी थी। ट्रेविस हेड के बारे में यह कहा जा सकता है। उन्हें पहले टेस्ट से बाहर कर दिया गया था लेकिन दूसरे टेस्ट में उन्होंने आक्रामकता दिखाई जिसके लिए आस्ट्रेलियाई मशहूर हैं। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर ने भी हेड की प्रशंसा की जिन्होंने भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा बनाया। उन्होंने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, ट्रेविस हेड ने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और यह शानदार रहा।

### धोनी ने कहा कि वह मेरी कमेंट्री का लुत्फ उठाते हैं: दिनेश कार्तिक



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने दिनेश कार्तिक ने कहा कि विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उनकी कमेंट्री का काफी लुत्फ उठाते है। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला में फिलहाल कामेंट्री कर रहे 37 वर्षीय कार्तिक आगामी आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में मैदान पर आरसीबी का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखेंगे। कार्तिक ने आरसीबी पॉडकास्टर पर कहा कि धोनी से मिले तारीफ के एक-एक शब्दों ने उनके लिए कमेंट्री को और खास बना दिया। कार्तिक ने कहा, मुझे कमेंट्री के जो थोड़े बहुत मौके मिले है मैंने उसका आनंद लिया। मुझे लगता है कि मुझे खेल के बारे में बोलने, विश्लेषण करने में बहुत मजा आ रहा है। मैं इस तरह से वर्णन करना चाहता हूं कि इस खेल को देखने वाले हर व्यक्ति के लिए कुछ सार्थक हो। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, मैंने हमेशा अपने तरीके से एक स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश की और इसे उस तरह से स्पष्ट करने की कोशिश की, जिस तरह से मैंने सोचा था। भारत के लिए खेल के तीनों प्रारूपों में खेल चुके कार्तिक ने कहा, मुझे सबसे बड़ी प्रशंसा उस व्यक्ति से मिली जिसकी मुझे सबसे कम उम्मीद थी। मैं धोनी की बात कर रहा हूं। उन्होंने मुझे कहा, मैंने वास्तव में कमेंट्री का आनंद लिया। बहुत बहुत अच्छा। आप शानदार कर रहे है। आरसीबी के लिए पिछले सत्र में 183 के शानदार स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, इस पर मुझे सुखद आश्चर्य हुआ। मैंने उन्हें शुक्रिया कहा। आप जानते है कि यह मेरे लिए बड़ी बात है। वह खेल पर करीब से नजर रखते है। इसलिए उनसे ऐसी बातें सुनना वास्तव में अच्छा था। और मुझे खुशी है कि उन्होंने मेरी कमेंट्री का आनंद लिया।

# भारत में कप्तानी करना शतरंज के खेल की तरह, हर गेंद के कुछ मायने होते हैं : स्मिथ

**एजेंसी ■ इंदौर**



पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में भारत के खिलाफ यहां ऑस्ट्रेलिया को यादगार जीत दिलाने वाले कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि उन्हें इस देश में अपनी टीम का नेतृत्व करना पसंद है क्योंकि हर गेंद पर कुछ होने की संभावना रहती है जिससे स्थिति शतरंज के खेल की तरह होती है। टीम के नियमित कप्तान कमिंस अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए है। भारत के 2017 के दौरे पर स्मिथ टीम के कप्तान थे और उन्होंने कहा कि वह पांच दिनों तक सपाट पिचों की जगह इस दौरे पर अब तक मिली स्पिनरों की मदद वाली पिच पर खेलना पसंद करेंगे। सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जीत के बारे में पूछे जाने पर स्मिथ ने कहा कि उन्हें अपनी टीम पर गर्व है क्योंकि शुरुआती दो टेस्ट मैच को तीन दिनों के अंदर गंवाने के बाद उसने शानदार वापसी की। स्मिथ ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसी जीत को हासिल करना काफी मुश्किल है। टॉस गंवाने के बाद हमारे लिए इस खेल में शीर्ष पर पहुंचना इस समूह की प्रतिभा और आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, हमने दिल्ली में एक खराब सत्र के कारण मैच गंवा दिया। इससे उबरने के लिए हमें अच्छा ब्रेक मिला और हमने अच्छी तैयारी के साथ यहां आए। उन्होंने कहा, यह हमारी मानसिक स्थिति को मजबूत करने के बारे में था। यह अपने तरीकों पर भरोसा करने के बारे में था। यह विश्वास रखने के बारे में था कि हम सफल होंगे और मैच का परिणाम हमारे हक में होगा। भारत दौरे पर छह साल में पहली बार टेस्ट में जीत का स्वाद चखने के बाद स्मिथ ने कहा, हम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करके खुश हैं। यह जो जाहिर तौर पर कुछ समय से हमारी योजना का हिस्सा था। इस टीम के लिए इसे हासिल करना जश्न मनाने लायक है। स्मिथ ने हालांकि कहा कि उन्होंने कप्तानी की अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। यह टीम कमिंस की है और वही इसकी अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा, मेरा समय (कप्तानी का) पूरा हुआ। यह अब पैडी (पैट कमिंस) की टीम है। मुझे खुशी है कि मैंने इस सप्ताह उन परिस्थितियों में बागडोर संभाली जब कमिंस यहां नहीं हैं। स्मिथ ने कहा, देखो, भारत दुनिया का वह हिस्सा है जिसे मैं कप्तानी करना पसंद करता हूँ। यह शतरंज के खेल की तरह है, हर गेंद के कुछ मायने होते है। आपको एक कदम आगे का सोचना होगा। यह कप्तानी के लिए दुनिया में मेरा पसंदीदा जगह है। होलकर स्टेडियम में स्पिनरों की मददगार पिचों की आलोचना हुई लेकिन स्मिथ इससे परेशान नहीं हैं और ऐसी चुनौती को पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, अब तक सभी विकेट स्पिनरों के मददगार रहे है। हमें अभी तक तीन दिन से अधिक क्रिकेट नहीं खेल सके है। इससे पता चलता है कि सभी टेस्ट में पहले दिन से स्पिन हो रही है। मैं ऐसी पिच पर खेलना पसंद करता हूं। सपाट पिचों पर पांच दिनों तक खेलना उबाऊ हो जाता है। उन्होंने कहा, इन विकेटों (पिच) पर हमेशा कुछ न कुछ होता रहता है। आपको अपने रनों के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन लोगों ने दिखाया है कि वे ऐसा कर सकते हैं। पहली पारी में उस्मान, नागपुर में पुजारा, रोहित, अक्षर, हैंड्सकॉम्ब ने ऐसा किया तो और लोग भी कर सकते हैं। हां यहां आपको किस्मत का थोड़ा साथ भी चाहिए।

## राजकोट मंडल खेलकूद संघ ने प. रेलवे अंतर मंडल टेबल टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया

**एजेंसी ■ राजकोट**



पश्चिम रेलवे अंतर मंडलीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2022-23 की मेज़बानी राजकोट मंडल के खेलकूद संघ द्वारा सफलतापूर्वक की गयी। अधिक जानकारी देते हुए राजकोट डिविजन के सीनियर डीसीएम सुनील कुमार मीना ने बताया कि जगजीवन राम रेलवे इंस्टीट्यूट, राजकोट में हाल ही में खेली गयी इस प्रतियोगिता में पश्चिम रेलवे के राजकोट, रतलाम, वडोदरा तथा अहमदाबाद मंडल की कुल 4 टीमों के 20 खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया। लीग सिस्टम से सभी टीमों के बीच कुल 6 मैच खेले गए जिसमें रतलाम मंडल की टीम चैम्पियन बनी। राजकोट मंडल की टीम उपविजेता बनी। टूर्नामेंट में वडोदरा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रतलाम मंडल की टीम की ओर से अनुक्रम जैन जो कि एक जानेमाने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, प्रशांत आहेर राष्ट्रीय खिलाड़ी तथा अन्य खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। राजकोट की टीम में हिरेन मेहता, अंकित मेहता, हर्ष सहगल, जाकिर जाम और हितेश भट्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि चीफ़ रेफरी-मनीष मेहता, अम्पाइर-ओम यागनिक व ध्रुविन यागनिक, डेप्युटी रेफरी चंद्रेश राठोड ने भी बखूबी अपनी भूमिका निभाई। विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को राजकोट मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार जैन द्वारा मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर जैन ने सभी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए टूर्नामेंट का सफलता पूर्वक आयोजन करने के लिए राजकोट मंडल खेलकूद संघ के सेक्रेटरी केपटन आर सी मीणा तथा खेलकूद संघ से जुड़े हुए सभी अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई दी।

## भारतीय बल्लेबाजों ने खुद पर पिच को हावी होने दिया

**एजेंसी ■ इंदौर**



महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में खराब प्रदर्शन के लिए भारतीय बल्लेबाजों की जमकर आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके दिमाग में पिच हावी रही। पहली गेंद से ही स्पिनरों की मददगार पिच पर भारतीय टीम दोनों पारियों में महज 109 और 163 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच को तीसरे दिन ही नौ विकेट से जीतकर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, बल्लेबाजों ने वास्तव में अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया। अगर आप भारतीय विकेट पतन को देखेंगे तो आप पाएंगे कि भारतीय बल्लेबाजों ने अपनी गलती से विकेट गंवाए। वे कुछ ऐसे शॉट खेल रहे थे जिससे लग रहा था कि उन्होंने पहले से अनुमान लगा लिया हो कि पिच से गेंद किस तरह से आएगी। गावस्कर ने कहा, अगर आप देखें तो भारतीय बल्लेबाजी में आत्मविश्वास की कमी रही है क्योंकि रोहित शर्मा के अलावा पहले दो मैचों में उन्होंने रन नहीं बनाए है। रोहित ने नागपुर में शानदार शतक जड़ा था। जब आपके खाते में कम रन होते है, तो बल्लेबाजी में थोड़ी अस्थिरता होती है। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, वे पिच पर गेंद के करीब नहीं पहुंच पा रहे थे। उन्होंने पिच को अपने ऊपर हावी होने दिया।

## मैच — खिलाड़ियों को एकजुट कर हौसला बढ़ाने की जरूरत होती है

# टीम ने परिस्थितियों का डटकर सामना नहीं किया: रोहित

**एजेंसी ■ इंदौर**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नौ विकेट की शिकस्त को एक असामान्य मैच करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम ने जज्बा और संघर्ष करने की क्षमता का प्रदर्शन नहीं किया। श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ने और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने यहां के होल्कर स्टेडियम में स्पिनरों की मददगार पिच पर यादगार जीत दर्ज करने के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, जब आप चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेल रहे होते हैं तो एक ही जगह पर गेंदबाजी कर आप दबाव बना सकते है। हमने उनके गेंदबाजों को एक जगह गेंदबाजी करने दी। उनके गेंदबाजों को भी श्रेय मिलना चाहिए, खासकर नाथन लियोन को। हमें कोशिश करनी थी और जज्बा दिखाना था लेकिन मुझे लगता है कि हम ऐसा नहीं कर सके। लियोन ने दूसरी पारी में 64 रन देकर आठ विकेट चटकाए और ऑस्ट्रेलिया के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त किया। रोहित ने कहा, आपको एक असामान्य नतीजे वाला मैच मिल सकता है जहां चीजें आपके मुताबिक नहीं होती है। लेकिन फिर भी आपको खिलाड़ियों को एकजुट कर हौसला बढ़ाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि कुछ खिलाड़ी क्रीज पर समय बिताए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम थोड़े पीछे रह गए और हमने खुद को उस तरह से लागू नहीं किया, जैसा हम चाहते थे। रोहित ने अहमदाबाद में चौथे टेस्ट के बारे में सोचना शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमने अभी तक इसके बारे में (अहमदाबाद टेस्ट) नहीं सोचा है। हमने अभी इस टेस्ट को समाप्त किया है इसलिए हमें फिर से एकजुट होने और प्रयास करने की आवश्यकता है। हमें यह समझने की जरूरत है कि एक टीम के रूप में सुधार करना होगा। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ जीत के लिए गेंदबाजों को श्रेय देते हुए कहा, हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, विशेषकर (मैथ्यू) कुहनेमैन ने। भारत ने हमारी पहली पारी के आखिर में अच्छी गेंदबाजी की जिससे हम जल्दी आउट हो गए।

## आस्ट्रेलिया की जीत में अहम रहा भारत को पहली पारी में समेटना : चैपल

**एजेंसी ■ इंदौर**



पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि तीसरे टेस्ट में यहां पहले दिन भारत को टर्न और असमान उछाल लेती पिच पर पहली पारी में सस्ते में निपटाना आस्ट्रेलिया के भाग्य पलटने में अहम साबित हुआ। भारतीय टीम तीसरे टेस्ट की दोनों पारियों में 109 और 163 रन पर सिमट गई जिससे आस्ट्रेलिया ने नौ विकेट की जीत से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। आस्ट्रेलिया ने नागपुर और दिल्ली में शुरूआती दो टेस्ट तीन दिन के अंदर गंवा दिए थे। महान क्रिकेटर चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, अहम चीज भारत को पहली पारी में सस्ते में समेटना रही। आस्ट्रेलिया ने ऐसा करके खुद को अच्छी बढ़त हासिल करने का मौका दिया। यह ज्यादा बड़ी बढ़त नहीं थी लेकिन इस पिच पर यह अच्छी थी और उपयोगी साबित हुई। उन्होंने कहा, फिर दूसरी पारी में उन्हें इतने कम स्कोर के लक्ष्य का पीछा करना पड़ा, हालांकि आस्ट्रेलिया ने एक शुरूआती विकेट गंवा दिया लेकिन फिर टीम ने आक्रामकता बरतने का फैसला किया और जीत हासिल की। भारत को पहली पारी में सस्ते में समेटना अहम था और पहले दो टेस्ट मैचों में जो कुछ भी हुआ था, उससे चीजों को बदलने में काफी साहस की जरूरत होती है। मेहमान टीम को पता था कि उन्हें दौरे पर चीजों में बदलाव करने के लिए किस चीज की जरूरत है।

पेंशन

# कर्मचारी पेंशन योजना-95 के पेंशनधारकों के लिए बढ़ी पेंशन पाने का अवसर

इन दिनों कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस)-95 चर्चा में है। सेवानिवृत कर्मचारियों के बीच खासतौर से इसको लेकर काफी कोतूहल है। उन्हें लगता है कि उनकी ईपीएस पेंशन राशि बढ़ सकती है और वह अधिक सम्मान के साथ जीवन बिता सकते हैं। वहीं जो कर्मचारी अभी नौकरी कर रहे हैं उन्हें उनके वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कोष में राशि जमा कराने का विकल्प मिला है। ऐसा करने से सेवानिवृत्ति के बाद वह अधिक पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

दरअसल, यह पूरी कवायद चार नवंबर 2022 को उच्चतम न्यायालय का एक निर्णय आने के बाद शुरू हुई। इस फैसले से कर्मचारियों को ईपीएफओ की कर्मचारी पेंशन योजना-1995 के तहत उनके वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कोष में अंशदान का विकल्प चुनने का अवसर मिला है। अब तक जो स्थिति है उसमें मूल वेतन चाहे अधिक ही क्यों न हो पेंशन कोष में 15,000 रूपये की तय सीमा पर 8.33 प्रतिशत अंशदान ही जाता है। इसके अलावा 1.16 प्रतिशत योगदान सरकार करती है।

निजी कंपनियों, फैक्टरियों, मिलों और ऐसे संस्थान जहां कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत भविष्य निधि यानी पीएफ में अंशदान होता है उन सभी पर अनिवार्य रूप से यह पेंशन योजना लागू होती है। इसमें कर्मचारी के मूल वेतन का 12 प्रतिशत पीएफ में जाता है। इतनी ही राशि कंपनी प्रबंधन भी कर्मचारी के पीएफ में जमा कराता है। लेकिन प्रबंधन के हिस्से में से 8.33 प्रतिशत राशि ईपीएस योजना में जमा होती है शेष राशि को पीएफ में डाल दिया जाता है। इसमें कर्मचारी की 58 साल की आयु के बाद पेंशन देने का प्रावधान है। उसकी मृत्यू होने पर पत्नी और बच्चों को भी पेंशन मिलने का प्रावधान है। हालांकि, इस योजना के तहत अब तक जो पेंशन लोगों को मिल रही है वह बहुत ही कम है। शुरू में तो कर्मचारियों को मात्र 500 रूपये मासिक पेंशन ही मिल रही थी वहीं हाल में जो सेवानिवृत्त हुये उन्हें 3,500 रूपये तक पेंशन मिल रही है। यह राशि बहुत ही कम है। यही वजह है कि उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद पेंशन बढ़ने की उम्मीद लोगों में जगी है। हालांकि, इसके लिये उन्हें विकल्प चुनना होगा और हो सकता है उन्हें कुछ राशि ब्याज के साथ ईपीएफओ में जमा भी करानी पड़े तभी वह इसका लाभ उठा सकते हैं। उनका मूल वेतन यदि 15,000 रूपये से अधिक था तो जितना अधिक था उस राशि का 9.49 प्रतिशत-नियोक्ता का 8.33 प्रतिशत जमा सरकार का 1.16 दोनो मिलाकरः उन्हें पेंशन कोष में देना पड़ सकता है। जो कर्मचारी अभी सेवारत हैं उनके भविष्य निधि में से यह बकाया राशि पेंशन कोष में डाली जा सकती है। इस संबंध में ईपीएफओ की ओर से पूरी प्रक्रिया का स्पष्ट होना अभी बाकी है।






पेंशन कोष में अंशदान की जो मौजूदा व्यवस्था है उसे हम एक उदाहरण के जरिये समझ सकते हैं। मान लीजिये आपकी बेसिक-पे 20,000 रूपये और महंगाई भत्ता 10,000 रूपये है। नियम के मूताबिक इस पर 12 प्रतिशत की दर से 3,600 रूपये पीएफ का अंशदान बनता है। इतनी ही राशि कंपनी प्रबंधन भी आपके पीएफ खाते में डालेगा लेकिन उसके 3,600 रूपये में से 15,000 रूपये की तय सीमा पर 8.33 प्रतिशत की दर से 1,250 रूपये पेंशन कोष में जायेंगे जबकि शेष 2,350 रूपये पीएफ में जमा होंगे। सरकार का 1.16 प्रतिशत योगदान 174 रूपये होगा। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद जो विकल्प देने की बात है उसके मुताबिक उपरोक्त बेसिक और महंगाई भत्ते पर 12 प्रतिशत की दर से 3,600 रूपये पीएफ बनेगा उसमें प्रबंधन के हिस्से में से वास्तविक मूल वेतन जो कि 30,000 रूपये है उसमें से 8.33 प्रतिशत की दर से 2,499 रूपये पेंशन कोष में डाले जायेंगे और शेष 1,101 रूपये पीएफ खाते में जायेंगे। सरकार के हिस्से के 1.16 प्रतिशत की दर से 348 रूपये का योगदान भी होगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार के हिस्से का पिछला बकाया कर्मचारी से लिया जायेगा अथवा सरकार से। इस पूरी कवायद में जहां एक तरफ पेंशन कोष में अंशदान बढ़ेगा वहीं पीएफ अंशदान में कुछ कमी आयेगी। हालांकि, कर्मचारी के हिस्से के पीएफ अंशदान में कोई बदलाव नहीं होगा। उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद ईपीएफओ ने इस संबंध में अमल शुरू कर दिया है। उसने ईपीएस-95 के पैरा 11:3: और पैरा 11:4: के तहत संयुक्त विकल्प चुनने के लिये कर्मचारियों को फार्म भरने को कहा है। पहले विकल्प चुनने के लिये अंतिम तिथि 4 मार्च 2023 रखी गई थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर तीन मई 2023 कर दिया गया है।

मार्च 1996 से सितंबर 2001 तक ईपीएस योजना के लिये अंशदान की गणना 5,000 रूपये के अधिकतम मूल वेतन पर की जाती थी। उसके बाद अक्टूबर 2001 से अगस्त 2014 तक इस सीमा को बढ़ाकर 6,500 रूपये कर दिया गया। यानी आपका मूल वेतन यदि इससे अधिक होगा तो पेंशन कोष के लिये 8.33 प्रतिशत की गणना इसी सीमा पर की जायेगी लेकिन आपका मूल वेतन यदि तय सीमा से कम है तो कम वेतन पर ही की जायेगी। मार्च 1996 में योजना में संशोधन किया गयाा। इस संशोधन के जरिये कर्मचारियों को उनके पूरे मूल वेतन-बेसिक-पे जमा महंगाई भत्ताः पर पेंशन योजना में अंशदान करने का विकल्प चुनने का अवसर दिया गया। इसके लिये ईपीएस-95 में एक पैरा 11:3: जोड़ा गया। इसके बाद सितंबर 2014 में योजना में फिर संशोधन किया गया। इस संशोधन में जहां एक तरफ सांविधिक वेतन सीमा को 6,500 रूपये से बढ़ाकर 15,000 रूपये किया गया वहीं न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 1,000 रूपये मासिक कर दी गई। इसके साथ ही मार्च 1996 में जो पूरे वेतन पर अंशदान करने का विकल्प चुनने का अवसर दिया गया था उसे निरस्त कर दिया गया। इसमें कहा गया कि एक सितंबर 2014 से ईपीएफ के दायरे में आनेवाले ऐसे सभी सदस्य जिनका मूल वेतन ज्वाइनिंग के समय 15,000 रूपये से अधिक होगा वह ईपीएस के सदस्य नहीं होंगे। यानि ऐसे नये सदस्यों की पेंशन कोष में कोई राशि नहीं जायेगी। कर्मचारी और नियोक्ता का पूरा योगदान केवल पीएफ खाते में जायेगा। हालांकि, जिन सदस्यों ने वास्तवकि वेतन पर योगदान का विकल्प चुन लिया था उन्हें छह महीने से एक साल की अवधि के भीतर विकल्प को फिर से चुनने का मौका दिया गया। इसी मुद्दे पर मामला अदालत में पहुंचा और 4.11.2022 को न्यायालय का निर्णय आया। उच्चतम न्यायालय ने 2014 के संशोधन की वैधता को बरकरार रखते हुये कुछ निर्देश दिये हैं। कहा है कि फैसले की तिथि से चार माह के भीतर पात्र कर्मचारियों द्वारा नये सिरे से वास्तविक मूल वेतन पर पेंशन कोष में अंशदान करने का विकल्प चुना जा सकता है। विकल्प चुनने का यह मौका उन कर्मचारियों के लिये भी उपलब्ध होगा जिन्होंने पहले यह विकल्प नहीं चुना था और वह 01.09.2014 को अथवा इससे पहले पेंशन योजना के सदस्य रहे हैं और इस तिथि के बाद भी वह सदस्य रहे। इस विकल्प को चुनने के लिये यह भी जरूरी होगा कि इस दौरान कर्मचारी ने अपने वास्तविक वेतन पर भविष्य निधि कोष में अंशदान किया हो।

बहरहाल, ईपीएस-95 के तहत कर्मचारियों को अधिक पेंशन दिलाने को लेकर पिछले पांच- छह साल से लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय संघर्ष समिति (एनएसी) के अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत का कहना है कि सभी सेवारत, सेवानिवृत कर्मचारियों को इस विकल्प को अपनाना चाहिये और अधिक पेंशन का लाभ उठाना चाहिये। हालांकि, उन्होंने अधिक आयु पर पहुंच चुके सेवानिवृत कर्मचारियों को सोच समझकर विकल्प चुनने की सलाह दी है। उन्होंने एक सितंबर 2014 के बाद नौकरी में आने वाले उन कर्मचारियों को जिनका मूल वेतन 15,000 रूपये से अधिक है, बढ़ी पेंशन विकल्प का लाभ दिये जाने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि नये कर्मचारियों को इससे वंचित नहीं रखा जाना चाहिए।

महाबीर सिंह

वाहन

# फरवरी में यात्री वाहनों की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार, 11 प्रतिशत बढ़कर 3.35 लाख इकाई हुई

मजबूत मांग आने से फरवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री ने रफ्तार भरते हुए 3.35 लाख वाहनों का आंकड़ा पार कर लिया। सभी प्रमुख वाहन विनिर्माताओं ने सालाना आधार पर बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। एक साल पहले की तुलना में बीते महीने कुल वाहन बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 3.35 लाख इकाई के पार पहुंच गई। फरवरी के महीने में वाहनों की थोक बिक्री का यह रिकॉर्ड आंकड़ा है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की घरेलू बाजार में थोक बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर।,55,114 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में।,40,035 इकाई रही थी। हालांकि फरवरी, 2023 में कंपनी का निर्यात 28 प्रतिशत घटकर 17,207 वाहन रह गया जबकि एक साल पहले यह 24,021 इकाई था। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक कंपनी 15.08 लाख वाहनों की आपूर्ति कर चुकी है जो एक साल पहले की समान अवधि के 12.27 लाख वाहनों के मुकाबले 23 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, उन्होंने यह स्वीकार किया कि वाहन ऋण पर ब्याज की दरें बढ़ने से नई कारों की मांग पर थोड़ा असर पड़ा है। इसके अलावा सेमीकंडक्टर की उपलब्धता कम होने से अब भी उत्पादन प्रभावित हो रहा है। हुंदै मोटर इंडिया की भी घरेलू बाजार में बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 47,001 इकाई हो गई। फरवरी, 2022 में यह आंकड़ा 44,050 इकाइयों का था। कंपनी ने कहा कि फरवरी, 2023 में उसने भारत से 10,850 वाहनों का निर्यात भी किया जो एक साल पहले के 9,109 वाहनों की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में उसकी घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री (इलेक्ट्रिक वाहन सहित) 43,140 इकाई रही। एक साल पहले समान महीने में यह आंकडा 40,181 इकाई था। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने घरेलू बाजार में फरवरी में 30,358 यात्री वाहनों की आपूर्ति की जो एक साल पहले के 27,663 इकाई की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। एमएंडएम के ऑटोमोटिव खंड के प्रमुख विजय नाकरा ने कहा कि कंपनी की बिक्री में एसयूवी खंड की हिस्सेदारी काफी अहम है और वह लगातार 30,000 एसयूवी की बिक्री कर रही है। हाल ही में पेश थार आरडब्ल्यूडी और एक्सयूवी400 को भी ग्राहकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। किआ इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 24,600 इकाई हो गई। कंपनी के बिक्री एवं विपणन प्रमुख हरदीप सिंह बरार ने कहा कि उद्योग जगत की 10 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में किआ का 35.8 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल करना उपभोक्ताओं के भरोसे को दर्शाता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की घरेलू बाजार में थोक बिक्री 75 प्रतिशत बढ़कर 15,338 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं रणनीतिक विपणन) अतुल सूद ने कहा कि ग्राहकों से मिल रहे अच्छे समर्थन के बल पर कंपनी को चौथी तिमाही का जोरदार समापन करने की उम्मीद है। दोपहिया खंड में बजाज ऑटो ने घरेलू बाजार में।,53,291 वाहनों की बिक्री की जो फरवरी 2022 के।,12,747 आंकड़े की तुलना में 36 प्रतिशत अधिक है। टीवीएस मोटर की घरेलू बाजार में बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 2,21,402 इकाई हो गई जबकि साल भर पहले उसने।,73,198 वाहन बेचे थे। हालांकि, कंपनी के स्कूटरों की तुलना में उसकी मोटरसाइकिल की बिक्री घटी है। वहीं अपनी दमदार मोटरसाइकिल के लिए मशहूर रॉयल एनफील्ड की घरेलू बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 64,436 इकाई हो गई जो साल भर पहले 52,135 इकाई थी।



महिला सशक्तिकरण

## लेवल अप प्रोग्राम से अपना कारोबार बढ़ा रहीं महिला कारोबारी

भारत की प्रमुख कोवर्किंग कम्युनिटीज में से एक 91 स्प्रिंगबोर्ड ने गूगल फॉर स्टार्टअप्स (जीएफएस) के साथ साझेदारी में दिल्ली, आगरा और गुरुग्राम की 28 महिला कारोबारियों को अपने लेवल अप प्रोग्राम के पहले कोहॉर्ट के लिए चुना। इसमें दिल्ली की 18, आगरा की 2 और गुरुग्राम की 8 महिलाएं शामिल हैं। यह देश भर में चलाया गया वर्चुअल एक्सेलरेटर प्रोग्राम है, जिससे महिला कारोबारियों को अपने स्टार्टअप की फंडिंग करने और अपने कारोबार का विस्तार करने की इजाजत दी जाती है। ये महिला कारोबारी रिटेल, एपरेल, पालतू पशुओं की देखभाल करने और हेल्थ केयर और दूसरी इंडस्ट्रीज में टेक बिजनेस का संचालन कर रही हैं। 71 मेंटर्स ने इन महिला कारोबारियों के लिए उनके बिजनेस को खड़ा करने और उसे बढ़ाने के लिए तीन महीने की मास्टरक्लासेज, अन्य साथी कारोबारियों के साथ बैठक, उपकरण और विशेषज्ञता मुहैया कराई। पहला कोहॉर्ट अगस्त 2022 में शुरू किया गया, जिसमें 366 से ज्यादा आवेदनों में से 183 महिला कारोबारियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। पहला चरण 25 फरवरी को पूरा हुआ है।



91स्प्रिंगबोर्ड के सीईओ आनंद वेमुरी ने कहा, हाल ही में हमने आत्मनिर्भर और स्वतंत्र महिला कारोबारियों की संख्या में काफी उछाल देखा है। यह काफी अच्छा है कि हमारी सरकार इन महिला कारोबारियों को समर्थन दे रही है।

रिपोर्ट

## आधे से अधिक अमीर भारतीय इस साल खरीदना चाहते हैं महंगी घड़ियां, कलाकृतियां, लग्जरी बैग



भारत में आधे से अधिक अत्यधिक अमीर लोग वर्ष 2023 में शौक से जुड़े निवेश के लिए कला के साथ घड़ियों और लग्जरी हैंडबैग जैसे महंगे सामान खरीद सकते हैं। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने द वेल्थ रिपोर्ट 2023 जारी करते हुए यह संभावना जताई। इसके मुताबिक, शौक एवं जुनून आधारित निवेश गतिविधियों पर नजर रखने वाला सूचकांक वर्ष 2022 में 16 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इसमें कलात्मक उत्पाद 29 प्रतिशत रिटर्न के साथ सबसे आगे रहे। इसके बाद क्लासिक कारों का स्थान था जिनका मूल्य सूचकांक, 2022 के दौरान 25 प्रतिशत बढ़ा। मसलन, एक मर्सिडीज-बेंज उलेनहॉट कूपे कार 14.3 करोड़ डॉलर में बेची गई जो अब तक की सबसे महंगी कार का रिकॉर्ड है। लग्जरी सूचकांक सूची में घड़ियां भी 18 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न के साथ पसंदीदा निवेश बनी रहीं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, शराब और आभूषणों के स्थान रहे। इस मौके पर नाइट फ्रैंक ने एटिट्यूड्स सर्वे भी जारी किया। इसके मुताबिक, भारत में लगभग 53 प्रतिशत अत्यधिक धनवान इस साल कलाकृतियों में निवेश कर सकते हैं। लग्जरी घड़ियों और लग्जरी हैंडबैग के साथ आभूषणों में भी निवेश करने की संभावना है। क्लासिक कारें शौक को पूरा करने के लिए निवेश की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। करीब 29 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस साल क्लासिक कार खरीदने की मंशा जताई। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, भारत के अमीरों का हमेशा सभी श्रेणियों में संग्रहणीय वस्तुओं के लिए एक आकर्षण रहा है।

उत्पाद/बाजार/कॉरपोरेट

## क्लाउड कूलिंग तकनीक से मिलेगी गर्मी से निजात

ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने अपनी तरह के पहले कूलंग पंखे, क्लाउड 3 को लॉन्च किया है। ओरिएंट क्लाउड 3 न केवल ठंडी हवा प्रदान करता है बल्कि आपके कमरे को भी ठंडा करने में सक्षम है। लगभग पूरे साल गर्म तापमान का रहना क्लाउड 3 पंखे को भारतीय परिवारों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। बेहतरीन डिज़ाइन के साथ ओरिएंट क्लाउड 3 कूलिंग पंखे में 4.5 लीटर का वाटर टैंक है, जिससे बिना रुके 8 घंटे तक ठंडी हवा मिलती है। यह पंखा हवा के तापमान में 12 डिग्री सेल्सियस तक की कमी ला सकता है।

इस लाइफस्टाइल कूलिंग सॉल्यूशन के लॉन्च के साथ ओरिएंट इलेक्ट्रिक का लक्ष्य उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करते हुए पंखो की श्रेणी में अपने नेतृत्व को सुदृढ़ करना है। क्लाउड 3 पंखे के लॉन्च के बारे में राकेश खन्ना, एमडी एवं सीईओ, ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने कहा, 'हम उपभोक्ता केंद्रित इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसकी वजह से हम लगातार बाजार में आविष्कारशील और खास गुणवत्ता वाले उत्पाद पेश करते हैं। अद्वितीय क्लाउडचिल टेक्नॉलॉजी के साथ क्लाउड 3 पंखा लॉन्च करके हमने एक बिलकुल नयी केटेगरी को पेश किया है।

## बीईई स्टार-रेटेड उत्पाद से बिजली की बचत

क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिल्स लिमिटेड ने पूरी तरह से स्टार-रेटेड सीलिंग पंखों का रुख कर बिजली की बचत करने के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इसके साथ ही कंपनी ने उल्लेखनीय बदलाव को लागू किया है। कंपनी ने ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिंएसी के नए नियमों का अनुपालन करने के लिए 1 जनवरी 2023 से अपनी सीलिंग पंखों की पूरी रेंज को बिजली की बचत करने वाले स्टार-रेटेड पंखों में बदल दिया है। कंपनी ने एसडीजी लक्ष्यों के साथ ही ऊर्जा बचत करने और हर व्यक्ति को स्विच टु सेव के लिए सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। नया प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो एक्टिव पावर और एक्टिव बीएलडीसी टेक्नोलॉजी से लैस है। कंपनी ने प्रॉडक्ट्स को मार्केट में लॉन्च करने से पहले पंखों के नए पोर्टफोलियो पर 2500 से ज्यादा एयर डिलिवरी टेस्ट कराए गए, और बिजली की बचत करने वाले अपने पंखों के लिए लगभग 200 बीईई सर्टिफिकेट हासिल किए हैं।

## एनएचएआई 2024-25 तक राजमार्गों पर 600 से ज्यादा स्थानों पर स्थापित करेगा जनसुविधा केंद्र

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) 2024-25 तक राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 600 से ज्यादा स्थानों पर जनसुविधा केंद्र स्थापित करेगा। इन जनसुविधा केंद्रों पर पेट्रोल पंप, इलेक्ट्रिक चार्जिंग सुविधा, रेस्तरां और खुदरा दुकानें होंगी। एनएचएआई ने यह घोषणा की। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा अनुभव को बेहतर करना है। इसके तहत मौजूदा और आगामी राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर हर 40-60 किलोमीटर पर जनसुविधा केंद्र स्थापित किया जाएगा। एनएचएआई ने एक बयान में कहा कि केंद्रों पर यात्रियों के लिए कई सुविधाएं होंगी। इसमें पेट्रोल पंप, इलेक्ट्रिक चार्जिंग सुविधा, खाने-पीने के लिए रेस्तरां, खुदरा दुकानें और बैंक एटीएम शामिल हैं। एनएचएआई पहले से ही 160 जनसुविधा केंद्र आवंटित कर चुका है, जिनमें से लगभग 150 पिछले दो साल में ही स्थापित हुए हैं। अन्य 150 जनसुविधा केंद्र अगले वित्त वर्ष में अमृतसर-बठिंडा-जामनगर गलियारा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे जैसे नए गलियारों पर स्थापित किए जाएंगे। एनएचएआई ने बताया कि फिलहाल कई पुराने और नए गलियारों पर 75 जनसुविधा केंद्रों के लिए निविदाएं जारी की जा चुकी हैं। ये स्थान आठ राज्यों में हैं, जिनमें राजस्थान में 27, मध्यप्रदेश में 18 और हिमाचल प्रदेश में तीन स्थान हैं।



## टाटा मोटर्स ने यात्री वाहन उत्पादन में 50 लाख का आंकड़ा पार किया

प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने यात्री वाहन उत्पादन के मामले में संयुक्त रूप से 50 लाख के आंकड़े को पार कर लिया है। कंपनी ने 10 लाख यात्री वाहनों का आंकड़ा 2004 में , और 20 लाख वाहन निर्माण का आंकड़ा 2010 में पार किया था। टाटा मोटर्स ने 30 लाख का आंकड़ा 2015 में जबकि 40 लाख वाहन निर्माण का आंकड़ा 2020 में पार किया था। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, प्रत्येक 10 लाख से अगले आंकड़े तक जाने की यह यात्रा उतार-चढ़ाव से भरी है। कंपनी ने कहा कि उसने कोविड महामारी और पूरी दुनिया के वाहन उद्योग को प्रभावित करने वाले सेमीकंडक्टर की कमी के संकट के बावजूद तीन साल के भीतर 40 लाख कारों से 50 लाख इकाइयों तक पहुंचने का कारनामा कर दिखाया।

## इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल ऐरा के चार मॉडल पेश करेगी मैटर

स्टार्ट-अप मैटर ने अपनी इलेक्ट्रिक बाइक ऐरा के चार नए मॉडल लाने की घोषणा की है। ये मॉडल जल्द ही बुकिंग के लिए उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा कि मैटर ऐरा के चार नए संस्करण पेश करेगी। इसमें ऐरा 5000 संस्करण की एक्स शोरूम कीमत।,43,999 रुपए और ऐरा 5000 की एक्स शोरूम कीमत।,53,999 रुपए होगी। भारतीय बाजार में इन दोनों संस्करणों की बुकिंग की घोषणा जल्द ही की जाएगी। बुकिंग कीमत पूरे देश में एक होगी। मैटर ऐरा बाइक दो बैटरी क्षमता यानी पांच केडब्ल्यूएच और छह केडब्ल्यूएच में आती है।

## अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 के बीच माइक्रो लोन के लिए एलएंडटी फाइनेंशियल सर्विसेज ने 29 लाख ग्राहक जोड़े

एलएंडटी फाइनेंशियल सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2023 में अप्रैल और जनवरी की अवधि के दौरान माइक्रो लोन कारोबार में 29 लाख ग्राहक जोड़े हैं, जो सालाना आधार पर 85 फीसदी की बढ़ोतरी है। कंपनी ने अप्रैल 2022 और जनवरी 2023 की अवधि में औसतन हर महीने लगभग 3 लाख का ग्राहकों को अपने साथ जोड़ा है। कंपनी ने अप्रैल 2022 और जनवरी 2023 के बीच करीब 13,900 करोड़ रुपये के माइक्रो लोन वितरित किए हैं। इसमें सालाना आधार पर 91 फीसदी की बढ़ोतरी रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ दीनानाथ दुभाषी का कहना है कि हम आज माइक्रो लोन में अग्रणी फाइनेंस कंपनियों में शामिल हैं। इसके साथ ही हमारा देश के उन क्षेत्रों में विस्तार करना जारी है, जहां इस तरह की सुविधाएं या तो नहीं है या बहुत कम हैं। हम अपने इनोवेटिव और डिजिटल लोन समाधानों के माध्यम से सूक्ष्म-उद्यमी महिलाओं को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर स्थायी आजीविका को सक्षम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे ग्राहक मुख्य रूप से अपनी आजीविका कमाने के लिए डेयरी, किराने की दुकानों और इसी तरह की संबद्ध गतिविधियों में लगे हुए हैं। उम्मीद है कि लक्ष्य 2026 स्ट्रैटेजी के तहत, आगे चलकर हम नए प्रोडक्ट लॉन्च कर अपनी विकास गति को बनाए रखेंगे।

## मीडियम बिजनेस को सपोर्ट करेगा एडब्लूएस लिफ्ट प्रोग्राम

एडब्लूएस ने भारत में एडब्लूएस लिफ्ट लॉन्च किया। यह प्रोग्राम एसएमबी को अपना डिजिटल सफर शुरू करने में मदद करेगा। यह प्रोग्राम 80 से 625 करोड़ के वार्षिक राजस्व वाले मीडियम और लार्ज़ बिज़नेसेज़ का सहयोग करने पर केंद्रित है। इस प्रोग्राम में शामिल होने वाले नए और मौजूदा ग्राहकों को 12 महीनों के लिए एडब्लूएस प्रमोशनल क्रेडिट्स का एक स्टार्टर पैक मिलेगा, जिससे वो एडब्लूएस पर सभी 200 फुली फीचर्ड सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। एडब्लूएस दुनिया का सबसे बड़ा और विस्तृत क्लाउड प्लेटफॉर्म है। यह प्रोग्राम एसएमबीज़ को लागत की फिक्र किए बिना एडब्लूएस सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करेगा।

## बीमाधारकों को लुभाने के लिए नए उपाय

टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने पॉलिसीधारकों को व्यापक स्वास्थ्य कवर प्रदान करने के लिए अपने प्रमुख स्वास्थ्य बीमा उत्पाद- टाटा एआईजी मेडिकेयर प्रीमियर हेल्थ इंश्योरेंस के लिए कई वेलनेस सुविधाओं की घोषणा की है। इसमें भिन्नतापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल लागतों का ख्याल रखा जाना सुनिश्चित करने हेतु आउटपेशेंट खर्च, ज़ोन आधारित मूल्य निर्धारण, उच्च बीमित राशि विकल्पों के साथ अधिक कवरेज सीमा, स्वास्थ्य एवं कल्याण लाभ जैसी सुविधाओं को जोड़ा गया है, जिनसे पॉलिसीधारकों को मेडिकेयर प्रीमियर स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी से अधिक समग्र, अधिक सुरक्षात्मक, अधिक कल्याणप्रद बनाने वाला समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।